दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 331 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 26 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं से कहा - चिंता मत कीजिए सरकार आपके साथ खड़ी है

## राज्य स्तरीय रोजगार मेले से राजस्थान के युवाओं की नई उड़ान, हर जिले में रोजगार मेलों का किया जाएगा आयोजन और क्षेत्रीय स्तर पर ही युवाओं को दी जाएगी नौकरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार ने युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए राज्य स्तरीय रोजगार मेले का गुरुवार को आयोजन किया जहां रोजगार कौशल और उद्यमिता को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में युवाओं से कहा कि वह बिल्कुल भी चिंता ना करें सरकार उनके साथ खड़ी है वे मन लगाकर पढ़ाई करें सरकार हर जिले में रोजगार मेले का आयोजन करेगी और स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कार्य करेगी राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के सफल आयोजन से राजस्थान में अब पर्यटन सौर ऊर्जा शिक्षा चिकित्सा, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएगी जिनके माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर ही रोजगार के शानदार अवसर पैदा होंगे इसलिए उन्होंने युवाओं से कहा कि सरकार उनके भविष्य को संवारने और चमकाने के लिए रोड मैप बनाकर कार्य कर रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे उन्होंने बताया कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने 92000 सरकारी नौकरियां दे दी है तथा 153000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं इस तरह से सरकार हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवा रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने संकल्प लिया था कि पूरे 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी और 6 लाख निजी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी देंगे हम इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्दी ही युवाओं के कल्याण और विकास के लिए युवा नीति भी ला रहे हैं ।




### नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व गुरु बनने की दिशा में है अग्रसर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार भर्ती परीक्षाओं के आयोजन में पूरी पारदर्शिता रख रही है इसी का परिणाम है कि प्रदेश में पिछले 2 साल में अनेक भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ जबकि पिछले गहलोत सरकार में पूरे 5 साल तक एक के बाद एक बड़ी संख्या में सभी सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा और ना इंसाफी होती रही और प्रदेश का युवा बेरोजगार बना रहा लेकिन हमने परीक्षाओं के आयोजन में पूरी सावधानी और पारदर्शिता बनाए रखी जिसकी वजह से सभी भर्ती परीक्षाओं का ईमानदारी से आयोजन हुआ उन्होंने स्वामी विवेकानंद के 1893 के ऐतिहासिक संदेश का उल्लेख करते हुए युवाओं से लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करते रहने का आव्हान किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसरहै कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंदबेरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, तथा बड़ी संख्या में युवा और विभिन्न निजी कंपनियों के मालिक और प्रबंधन से जुड़े लोग शामिल थे यह रोजगार मेला केवल युवाओं के लिए अवसर का मंच बना बल्कि राजस्थान के आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में एक मजबूत संदेश देकर भी गया ।

### प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार देने के प्रयास ताकि वह अपने माता-पिता के साथ रह सके

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह रोजगार मेला सरकार की उसे दूरदर्शी सोच का प्रतिबिंब है जिसमें रोजगार के साथ-साथ कौशल विकास और उद्यमिता को समान महत्व दिया गया है मेले में 20 से अधिक सेक्टर से जुड़े 100 से अधिक नियोक्ताओं ने हिस्सा लिया है जिससे हजारों युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर मिले उन्होंने अस्वस्थ किया कि ऐसे रोजगार मिले प्रत्येक जिले में निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि स्थानीय स्तर पर युवाओं को स्थानीय रोजगार मिल सके उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि युवाओं को उनके घर के आसपास ही रोजगार दिया जाए जिसकी वजह से उन्हें अपने घरवालों से ज्यादा दूर रहना नहीं पड़े और वह अपने माता-पिता पत्नी और बच्चों के साथ आराम से जीवन जी सके उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार देने पर अगर वेतन थोड़ा काम भी हो तो ठीक रहता है क्योंकि घर से दूर रहने पर कई तरह की समस्याएं और खर्चा काफी बढ़ जाता है लेकिन अगर घर के नजदीक ही युवाओं को अच्छा रोजगार मिल जाता है तो यह सोने में सुहागा है इसीलिए सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है ।

### राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौते में 8 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिति में 35 लाख करोड़ के समझौते किए गए थे जिनमें 8 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं और उद्योगपतियों को जमीन आवंटन का काम जारी है जिसकी वजह से कई नई फैक्ट्रियां और उद्योग स्थापित होने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है और आने वाले सालों में प्रदेश में बड़ी संख्या में यहां देश और विदेश के इन्वेस्टर बड़ी संख्या में यहां अपने प्रतिष्ठा और औद्योगिक इकाइयां स्थापित करेंगे जिसकी वजह से यहां विशाल रोजगार के अवसर पैदा होंगे जिसकी वजह से प्रदेश में युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए युवा नीति भी ला रही है और युवाओं को सरकार रोजगार लेने वाला ही नहीं बल्कि रोजगार देने वाला भी बना रही है।

### अब तक 410 रोजगार सहायता शिविर किए गए आयोजित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अब तक 410 रोजगार सहायता शिविर आयोजित किए गए हैं जिनके माध्यम से 111000 से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन कर रोजगार के अवसर प्रदान किए गए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चार लाख से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया गया है और अब तक 1156 करोड रुपए की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में विकसित की जा चुकी है

## 'विश्व के 46' डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में हुए', अमित शाह बोले- ये हमारी बड़ी छलांग

ग्वालियर

**(एंजेसी )**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी जयंती के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में हिस्सा लिया। साथ ही 2 लाख से अधिक निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान मंच से मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के दो साल के कार्यकाल को बेहतर बताया। साथ ही कहा... देश का मध्य प्रदेश पहला राज्य है, जो औद्योगिक क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट यानि की निवेश से रोजगार' का राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इससे पहले अमित शाह, डॉ. मोहन यादव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर ओर बीजेपी प्रदेशध्यक्ष हेंमत खंडेलवाल ने एमपी ग्रोथ समिट में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग्वालियर व्यापार मेले और अटल म्यूजियम का शुभारंभ किया। इसके बाद मंच से 2 लाख करोड़ रुपए की औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी किया। जिसमें 1655 औद्योगिक इकाइयां शामिल थी। गृह मंत्री अमित शाह ने मंच के संबोधन में सबसे पहले, ज्योतिरादित्य सिंधिया को राजा जी कहकर संबोधित किया। मंच से यह सुनकर पब्लिक ने खूब तालियां बजाई। आगे उन्होंने कहा कि ग्वालियर की धरती साधारण नहीं है। यही वह भूमि है जहां तानसेन का जन्म हुआ और ग्वालियर घराने के अनेक महान संगीतकारों ने अपनी साधना की। उन्होंने कहा कि इसी भूमि ने अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान नेता को देश को दिया। यहीं से निकलकर अटल जी ने संघर्ष किया और आज पूरा देश उन्हें लाड़ करता है। इसके साथ ही डॉक्टर मोहन यादव ने राज्य के निवेश के क्षेत्रीय निवेश की शुरुआत की है, वो अब आने वाले समय में अन्य राज्यों के संतुलित विकास के लिए सबसे अहम होगा। शाह ने कहा कि एक दौर में विपक्षी शासन में मप्र बीमारू प्रदेश था। शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों ने यह टैग हटाया और अब डॉ. मोहन यादव की ऊर्जा इसे 'विकसित राज्य' बनाने की ओर ले जा रही है।

## अरावली में खनन पर पूर्ण रोक से कांग्रेस परेशानः भूपेंद्र यादव

जयपुर टाईम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी )**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को कांग्रेस द्वारा लगाए गए उन आरोपों को खारिज कर दिया कि पहाड़ियों की नई परिभाषा के तहत अरावली के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से को संरक्षित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी इसलिए 'घबराई हुई' है क्योंकि सरकार ने अरावली में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि पर्वतमाला की संशोधित परिभाषा के तहत अरावली पर्वतमाला के 90'से अधिक हिस्से को संरक्षित नहीं किया जाएगा और इससे खनन और अन्य गतिविधियों के लिए रास्ता खुल जाएगा। भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की एक पोस्ट का जवाब देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'एफएसआई द्वारा किए गए किसी भी अध्ययन में आपकी कही गई बातों का कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन मुझे पता है कि एफएसआई द्वारा स्पष्ट खंडन जारी करने के बावजूद आप ये झूठ क्यों फैला रहे हैं। शायद आपकी 'पर्यावरणविद् वाली छवि' तब विश्वसनीय साबित होती जब आप अपने पार्टी सहयोगी अशोक गहलोत से पूछते कि अरावली पर्वतमाला को किसने नष्ट किया।' केंद्रीय मंत्री ने निशाना साधते हुए लिखा, 'आप और आपके गुट के लोग इसलिए घबराए हुए हैं क्योंकि हमने गुजरात से दिल्ली तक अरावली पर्वतमाला में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। हम आपको, माननीय गहलोत को या आपकी पार्टी के किसी भी सदस्य को पवित्र अरावली पर्वतमाला को फिर कभी लूटने नहीं देंगे। आपकी पार्टी ने जो कुछ भी नष्ट किया है, उसके पुनर्निर्माण के लिए हम काम करते रहेंगे।'

## वाजपेई की जयंती पर सेंट्रल पार्क में भव्य कार्यक्रमः भजन लाल शर्मा, मदन राठौड़ भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर गुरुवार को एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश भर के सभी सरकारी विभागों में कार्यक्रम आयोजित करके वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया और सुशासन की अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली तो दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा की ओर से भी पूरे प्रदेश भर में वाजपेई की जयंती पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश भर में रक्तदान शिविर संगोष्टियां विचार गोष्ठी गौशाला में गायों को चारा खिलाने अस्पतालों में गरीब मरीजों को भोजन सामग्री वस्त्र वितरित करने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे प्रदेश, भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रतिपक्ष के पूर्व नेता राजेंद्र राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पार्टी के संगठन से जुड़े नेता मुकेश दाधीच, श्रवण बागड़ी ,सहित पार्टी के



संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं ने वाजपेई जी की प्रतिमा और स्मारक पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भाव भी नहीं श्रद्धांजलि दी वाजपेई की जयंती पर जयपुर के सेंट्रल पार्क में भी एक भव्य और बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित राज्य सरकार से जुड़े कई लोग मंत्री विधायक और संगठन से जुड़े नेता शामिल थे इसके अलावा इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि वाजपेई जी के प्रति अपनी गहरी निष्ठा रखने वाले कई लोग इस कार्यक्रम में अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भजन लाल शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने में ही नहीं बल्कि देश के सर्वांगीण विकास में अपनी बड़ी भूमिका निभाई उन्होंने अपने प्रधानमंत्री पद के कार्यकाल में देश भर में छोटे-छोटे गांव में सड़कों का निर्माण करके गांव के नवनिर्माण और खुशी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई उनके कार्यकाल में गांव और ढाणी में बनाई गई सड़कों को देश के लोग आज भी उन्हें याद करते हैं उन्होंने कहा कि वाजपेई का जीवन चरित्र एक पाठशाला की तरह हैं जिनके जीवन चरित्र का हम थोड़ा सा भी अंश ग्रहण कर ले तो एक श्रेष्ठ नागरिक और एक सच्चा राष्ट्रभक्त बन सकते हैं इसलिए हम सबको वाजपेई जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर हमेशा आगे बढ़ाने की कोशिश करते रहना चाहिए उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी के शिशु अवस्था में वाजपेई जी ने अपने विचारों अपनी मेहनत अपने सिद्धांतों से पार्टी को जो वट वृक्ष के रूप में स्थापित किया उन्होंने कहा कि भले ही वाजपेई जी आज हमारे बीच में नहीं हो लेकिन उनके विचार और उनके सिद्धांत उनका नैतिक आचरण आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है ।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थलः एक परिवार ने देश को बनाया था बंधक, भाजपा ने मुक्त करायाः मोदी

नई दिल्ली

जयपुर टाइम्स

**(एंजसी)** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्धाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, एक परिवार ने देश को बंधक बनाया था, भाजपा की सरकार ने उसे मुक्त कराया। परिवारवाद की राजनीति की एक विशिष्ट पहचान होती है। असुरक्षा से घिरी होती है। इस कारण परिवारवाद दूसरे की लकीर को छोटा करने की प्रवृत्ति होती है। इसी सोच ने भारत में राजनीतिक छूआछूत का चलन शुरू किया।पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस से या सपा से कोई भी ऐसी उम्मीद नहीं कर सकता। इन लोगों के राज में तो भाजपा के नेताओं को सिर्फ अपमान ही मिलता था। भाजपा के डबल इंजन सरकार को बहुत फायदा यूपी को हो रहा है। यूपी 21वीं सदी के भारत में अपनी अलग



पहचान बना रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मैं यूपी से सांसद हूं। यूपी के मेहनतकश लोग एक नया भविष्य लिख रहे हैं। आज यूपी की चर्चा विकास के लिए होती है। यूपी पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, दुनिया में यूपी की नई पहचान बन रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ है। अंडमान में नेताजी ने जहां पर तिरंगा फहराया, वहां उनकी प्रतिमा। कोई नहीं भूल सकता है कि आंबेडकर की विरासत को मिटाने का प्रयास किया गया।

# पूर्व पीएम वाजपेई की जयंती पर भजनलाल शर्मा ने कहा-विश्वास संवाद और परिणाम सुशासन के आधार

## शासन सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुशासन का आधार विश्वास संवाद और परिणाम के तीन स्तंभों पर टिक बताया उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सरकार का अभाव और दबाव दोनों ही नहीं होनी चाहिए क्या अनुरूप कार्य कर रही है । मुख्यमंत्री शर्मा गुरुवार को शासन सचिवालय में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित शपथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे इस अवसर पर उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धांजलि दी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई।



### शासन प्रशासन का सर्वोच्च अध्याय जन सेवा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वाजपेई का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि शासन और प्रशासन का सर्वोच्च लक्ष्य और संकल्प जन सेवा होना चाहिए यह आयोजन राज्य के पारदर्शी जवाब दे है और नागरिक केंद्रित प्रशासन का प्रतीक है सुशासन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके केंद्र में योजनाओं की सफल क्रियान्विति के माध्यम से अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है उन्होंने कहा कि सुशासन तभी संभव है जब नियम स्पष्ट हो अधिकारी संवेदनशील हो और सरकार उत्तरदाई बने यह ऐसी व्यवस्था है जिसमें जनता की जरूरत को समझकर उन्हें समयबद्ध और प्रभावी सेवाएं प्रदान की जाए सुशासन का आधार विश्वास संवाद और परिणाम के तीनों स्तंभों पर टिका है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य तभी पूर्ण होगा जब किसान, श्रमिक, महिला, युवा और वंचित सहित सभी वर्ग यह अनुभव करें कि सरकार उनके साथ खड़ी है ।

### ई गवर्नेंस पारदर्शिता का सबसे बड़ा माध्यम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ई गवर्नेंस पारदर्शिता का सबसे बड़ा माध्यम है कि ईपोर्टल एसएसओ पोर्टल और मोबाइल आधारित सेवाओं ने नागरिकों के समय धन और ऊर्जा की बचत की है जिससे उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली है प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र लोकतांत्रिक शासन की आत्मा है राजस्थान में राजस्थान संपर्क पोर्टल त्रिस्तरीय जनसुनवाई और मुख्यमंत्री जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं की प्रभावी सुनवाई कर उनका समयबद्ध समाधान किया जा रहा है पिछले दो वर्षों में 65 लाख से अधिक जन शिकायतों का निस्तारण किया गया है द्य

### अधिकारियों और कर्मचारियों से किया आवाहन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आवाहन किया कि तकनीकी और संवेदनशीलता के माध्यम से राजस्थान को सुशासन के क्षेत्र में देश का सिरमौर बनाएं ऐसा राजस्थान बनाई जहां विकास सर्वेश्वर्षी हो उन्होंने कहा कि शासन सचिवालय केवल चूना पत्थर से बनी इमारत नहीं है बल्कि यह लाखों राजस्थानियों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है यहां कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि आमजन को त्वरित और बेहतर समाधान मिले अधिकारियों और कर्मचारियों की निष्ठा व समर्पण के साथ की गई सेवा ही विकसित राजस्थान 2047 का मार्ग प्रशस्त करेगी

### ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर आयोजित करके लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही सरकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सेवा वितरण को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है इन शिविर के माध्यम से अब तक एक करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं इसके अलावा राजस्थान लोक सेवाओं के प्रधान की गारंटी अधिनियम के तहत विगत 2 साल में 3 करोड़ 23 लाख से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निस्तारण हो चुका है

# अरावली मां का सौदा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

## भाजपा के नेता झूठ के जनरेटर, आने वाली पीढ़ी की सांस छीनने की कोशिश होगी नाकाम



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर की कटी घाटी स्थित जयसमंद तिराया पहाड़ के नीचे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरावली पर्वतमाला के सम्बन्ध में सरकार पर कई सवाल खड़े करते हुए अवैध खनन को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पर तीखे सवाल दागे। अरावली की तलहटी के बीच प्रेस वार्ता करते हुए जूली ने कहा कि एक ओर वह पहाड़ी है जो संरक्षित क्षेत्र में आती है, जबकि दूसरी ओर खुलेआम खनन किया गया है। जूली ने अलवर सांसद और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से सवाल करते हुए कहा कि बताएं ऐसी कौन-सी मजबूरी रही कि अरावली माता को बेचने का फैसला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अरावली में खनन पर सुप्रीम कोर्ट की पहले से रोक है, फिर भी भ्रम फैलाया जा रहा है। जूली ने दावा किया कि नए आदेशों से 90' पहाड़ियां खनन के दायरे में आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि अरावली को दांव पर लगाने से अलवर के पांडूपोल, भर्तृहरि सहित गुरु शिखर तक के मंदिर भी संकट में आ जाएंगे। जूली बोले झूठ के जनरेटर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मंत्री जनता को भ्रम में डालने का प्रयास कर रहे हैं यह वह संकट है जो आने वाले समय में जनता का जीना दुश्वार कर देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री और वन पर्यावरण एवं केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि नष्ट नहीं होने का दावा करने वालों के पास आधार कुछ नहीं है केवल बयान वीर की तरह बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार और अलवर के दोनों मंत्री केवल जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उनकी मंशा केवल माफिया को फायदा पहुंचाने और किसानों के पेट पर लात मारने की है लेकिन यह जन आंदोलन उनकी इस साजिश को नाकाम करके रहेगा। उन्होंने अलवर सांसद को नसीहत देते हुए कहा कि व्यावसायिक होने की बजाय व्यावहारिक बने अलवर की जनता ने आपको जनप्रतिनिधि के रूप में चुना है ताकि उनका विकास हो सके लेकिन आप उन्हें विनाश की ओर धकेल रहे हैं।

### भाजपा राज में पूरे कुएं में ही भांग घुली हुई

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पूरे कुएं में ही भांग घुली हुई है। देश और प्रदेश की जनता इस सरकार के फैसलों से पूरी तरह त्रस्त है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के फैसले केवल अपने उद्योगपति मित्रों को बढ़ावा देने के लिए है जबकि आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है।

### 27 दिसंबर को होगा अलवर में अरावली बचाने के लिए विशाल जन आंदोलन

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बताया कि अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए अलवर में आगामी 27 दिसंबर को विशाल जन आंदोलन का आगाज होगा जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कांग्रेस मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा सहित कांग्रेस के तमाम बड़े नेता जन आंदोलन का शंखनाद करेंगे। प्रेस वार्ता में विधायक मांगेलाल मीणा, अलवर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, खैरथल तिजारा जिलाध्यक्ष बलराम यादव, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, संजय यादव, आर्यन जुबेर खान, योगेश मिश्रा, गफूर खान, संजीव बारेठ, राजेश कृष्ण सिद्ध, लीली यादव, प्रीतम मेहंदीरत्ता, जे डी आर्यन, रमन सैनी, निहाल सिंह गुर्जर, विश्राम गुर्जर सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पहली बार बिना पर्ची के बोल गए प्रदेश के सीएम

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे-सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि अरावली को बर्बाद करने की केंद्र सरकार के इरादों पर मुख्यमंत्री एक शब्द नहीं बोले जब विपक्ष ने इस मुद्दे को उठाया तो बिना पर्ची के मजबूरी में उन्हें बोलना पड़ा। जूली ने कहा कि केंद्र सरकार ने राजस्थान के नेताओं की पूरी फौज बयान बाजी के लिए उतार दी लेकिन सीएम इस पर एक शब्द नहीं बोल पाए।

### केंद्रीय मंत्री और सांसद ने तो अलवर आना ही छोड़ दिया

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि जब से अरावली का मामला उठा है तब से केंद्रीय मंत्री और अलवर सांसद ने तो अलवर में आना-जाना ही बंद कर दिया। जूली बोले जनहित के इस मुद्दे से बचने के लिए अलवर सांसद अब अलवर की परिधि के बाहर ही चक्कर लगा रहे हैं।

## वर्ष 2025 में जप्तशुदा 550 मोडिफाईड साईलेंसरों को रोलर से किया नष्ट, आमजन को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वर्ष 2025 मे जप्तशुदा लगभग 550 मोडिफाईड साईलेंसरों को गुरुवार को रोलर द्वारा नष्टीकरण कर आमजन को जागरूक किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ (आई.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व शिवानी (आई.पी.एस.) वृत्ताधिकारी वृत्त ग्रामीण जिला अलवर के नेतृत्व मे संजय शर्मा उनि. प्रभारी यातायात शाखा जिला अलवर मय जाप्ते द्वारा वर्ष 2025 में मोडिफाईड साईलेंसर चालकों के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्यवाही कर लगभग 550 मोडिफाईड साईलेंसरों को जप्त किया गया था। जिनको गुरुवार को रोलर द्वारा आर.आर. सर्किल से एसएमडी सर्किल के बीच, रोड़ के साईड में नष्ट करवाया गया तथा आमजन व वाहन चालकों को मोडिफाईड साईलेंसर व पटाखा फोडने वाली मोटरसाईकिल नही चलाने की समझाईश की गई। वहीं भविष्य में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही जारी रहेगी। इसके अलावा तीन सवारी, बिना हेलमेट, मोबाईल फोन पर बात करने, बिना शीट बैल्ट, बिना नंबरी, रोंग साईड, लाल बत्ती क्रोस, शराब पीकर वाहन चलाना, तथा तेजगति से वाहन नही चलाने तथा यातायात नियमों की पालन करने हेतु समझाईश कर जागरूक किया गया।

## वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

## फर्स्ट् स्टेप्स एवं ब्ल्यू बैल्स स्कूल में खेलों के साथ जागरूकता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** फर्स्ट् स्टेप्स एवं ब्ल्यू बैल्स स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद सांवरिया, थानाधिकारी बगड़ तिराया एवं गुरु दत्त सैनी, थानाधिकारी वैशालीनगर रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर तुलसी माता की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर थानाधिकारी विनोद सांवरिया ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताते हुए सतर्कता अपनाने का संदेश दिया। वहीं थानाधिकारी गुरु दत्त सैनी ने विद्यालय के विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि वे अपने माता-पिता को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने देंगे तथा सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने दुपट्टा एवं पुष्प भेंट कर किया। समारोह में कर्मचारी महासंघ के प्रदेश मंत्री पीयूष शर्मा, मोहन सिंह चौधरी, नरेंद्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र कौशिक एवं अनिल कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। खेल उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का परिचय दिया।

## राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा का चतुर्थ मेघावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 28 दिसम्बर को




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा, जयपुर के सहस्त्रार्जुन सभागार में दिनांक 28 दिसम्बर 2025 (रविवार) को प्रातः 11:15 बजे चतुर्थ मेघावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल के उप सचिव मुकेश कलाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थितजनों को आध्यात्मिक ध्यान योग का प्रशिक्षण भी देंगे, जिससे समाज के लोगों को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। समारोह में प्रदेशभर से समाजसेवी, भामाशाह एवं महासभा के आजीवन सदस्य भाग लेंगे। इस दौरान मेघावी विद्यार्थियों को नकद राशि एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा। महासभा ने समाज के सभी बंधुओं से समय पर पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा समाज की एकता व अखंडता को मजबूत करने की अपील की है। यह जानकारी उत्तम चंद चौधरी महामंत्री, राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा ने दी।

## अलवर शहर को मिली आश्रय स्थल, सामुदायिक भवन एवं मॉर्डन सुलभ कॉम्पलेक्स की सौगात

### शहर को स्वच्छ, सुन्दर व सर्व सुविधा युक्त शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को नगर निगम द्वारा करीब 1 करोड रूपये की लागत से निर्मित राजकीय महिला चिकित्सालय के पीछे खदाना मौहल्ले में आश्रय स्थल, नगर निगम कार्यालय में मॉर्डन सुलभ कॉम्पलेक्स एवं बीच का कुआं वार्ड नं. 11 में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। वन राज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान के चहुंमुखी विकास के संकल्प को साकार कर रही है। अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर के विकास को गति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अलवर को विशेष तरजीह देते हुए दोनों बजटों में विकास की सौगातें दी गई, जिनमें राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में जिले में रामजल सेतु लिंक परियोजना से जोडने के कार्यों सहित सिलीसेढ पेयजल परियोजना, नटनी का बारा वियर से जयसमंद बांध तक नहर का उन्नयन कार्य, भाखेडा एनीकट निर्माण, बायोलॉजिकल पार्क, विज्ञान केंद्र, डिजिटल प्लेटेनेरियम, अखैपुरा पुलिस थाना, अलवर शहर के हनुमान सर्किल व थानागाजी में बस स्टैण्ड निर्माण कार्य नगर वन व मातृवन, गुरूनानक वाटिका, नमोवन, कन्या महाविद्यालय, महिला पॉलोटेक्निक कॉलेज, बालिका सैनिक स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय जैसी अनेकों सौगाते शामिल हैं, जिन्हें सकारात्मक भाव से काम करते हुए पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने अलवर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सर्व सुविधायुक्त शहर बनाने की प्रतिबद्धता जताई। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चलकर सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि नगर निगम कार्यालय परिसर में जीर्णशीर्ण शौचालय को 27 लाख 60 हजार रूपये की लागत राशि से आधुनिक शौचालय का स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं वार्ड नं. 11 में बीच के कुएं के पास 32 लाख 67 हजार की लागत से जीर्णशीर्ण सामुदायिक भवन को तोडकर नये सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया, जिससे आमजन को विवाह समारोह एवं एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में सुविधा होगी तथा खदाना मौहल्ले में 39 लाख 39 हजार रूपये की लागत से आश्रय स्थल बनाया गया है जिसमें बेसहारा, गरीब एवं बेघर नागरिकों को रूकने में सहूलियत होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, दिनेश गुप्ता, सुरेश यादव, धीरज जैन, घनश्याम सोनी, सीताराम चौधरी, सुमन चौधरी, प्रवीण चौधरी सहित अनेक प्रबुद्ध एवं दिव्यांगजन एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने सुशासन दिवस पर 101 दिव्यांगजनों को स्कूटी की सौंपी चॉबी



### राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण कल्याण हेतु कृतसंकल्पित - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सुशासन दिवस के अवसर पर प्रताप ऑडिटोरियम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना एवं स्वयं के विधायक कोष से 101 दिव्यागजनों को स्कूटी वितरित की। वन राज्य मंत्री शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र को प्रथम रखते हुए सर्वजन हित में कार्य कर 21वीं सदी का श्रेष्ठ भारत बनाने की नींव रखी। उनके मार्गदर्शन पर चलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने का हम सबको संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश में दिव्यांगजनों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर सशक्त बनाने की दिशा में निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अलवर शहर के ऐसे सभी दिव्यांगजन जो स्कूटी की पात्रता रखते हैं उन सबको चरणबद्ध तरीके से स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने इस वर्ष विधायक कोष से दिव्यांगजनों के लिए 30 और स्कूटी उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही यह भी घोषणा की कि आगामी तीन सालों में भी इसी प्रकार दिव्यांगजनों को विधायक कोष से स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी।

**स्कूटी की चाबी मिलने पर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे, सरकार का जताया आभार**

मुख्यमंत्री दिव्यांगज स्कूटी योजना एवं एवं विधायक निधि कोष स्वीकृत से स्कूटी मिलने पर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री दिव्यांगज स्कूटी योजना एवं विधायक निधि कोष स्वीकृत से स्कूटी मिलने पर मुख्यंमत्री भजनलाल शर्मा एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा का आभार जताया।

### पानी की समस्या का हुआ समाधान तो महिलाओं ने गीत गाकर जताया आभार

मालवीय नगर के पास कप्तान कॉलोनी क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए विगत दिनों क्षेत्र की महिलाएं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा से मिली थी। जिस पर जगन्नाथ मंदिर के पास थ्री फेस बोरिंग कराकर सुचारू सप्लाई होने पर क्षेत्र की पूर्व पार्षद संध्या मीणा की अगुवाई में क्षेत्र की महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में स्कूटी वितरण कार्यक्रम में जाकर वन राज्यमंत्री शर्मा का आभार लोकगीत गाकर व नृत्य कर जताया। उन्होंने फूल वर्षा एवं मिठाई भी बांटी। इससे मंत्री शर्मा अभिभूत होकर उनके साथ रिदम मिलाई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि आज सुशासन दिवस के अवसर पर वन राज्यमंत्री शर्मा द्वारा दिव्यांगजनों को 101 स्कूटी वितरित की, जिसमें 81 स्कूटी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत तथा 20 स्कूटी मंत्री शर्मा द्वारा उपलब्ध कराए गए विधायक निधि कोष से वितरित की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 40 स्कूटी मौके पर दी गई तथा शेष स्कूटी सीधे एजेन्सी से दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई गई। मंच संचालन शिक्षाविद दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, जितेन्द्र सैनी, दिनेश गुप्ता, सुरेश यादव, राजेन्द्र कसाणा, लोचन यादव, दुल्लीचंद, धीरज जैन, घनश्याम सोनी, सीताराम चौधरी, सुमन चौधरी सहित अनेक प्रबुद्ध एवं दिव्यांगजन एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

## अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री निकुंज सांघी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वर्ष 2026-27 के हुए चुनाव में निकुंज सांघी को सर्व सममति से निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुना गया। चुनाव अधिकारी शिव दयाल शर्मा ने बताया कि निर्विरोध हुए चुनाव में राजेश गुप्ता को संरक्षक, बृज भूषण गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल विजय, संजय सहगल, राकेश ठाकुर, दीपक माथुर, आशीष चौधरी, अनिल सिंह, सुबोध गोयल, एस.के. पारीक, मनीष गोयल एवं संदीप गुप्ता को उपाध्यक्ष, अमित श्याम सुखा को मानद सचिव, मधुर अग्रवाल व मंजीत रॉय को सह सचिव तथा हरिओम मितल को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 जनवरी 26 से 31 दिसंबर 27 तक रहेगा। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के कार्यों की जानकारी दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष निकुंज सांघी को व्यापार एवं उद्योग जगत में एक ऊर्जावान, दूरदर्शी और संगठित नेतृत्वकर्ता के रूप में जाना जाता है। उद्योगपतियों की समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना, उद्योगों के विस्तार के लिए सकारात्मक वातावरण बनाना और युवाओं को व्यापार से जोडऩा उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। वे पहले भी कई संगठनों में राष्ट्रीय पदाधिकारी तक रहे हैं। सभी सदस्यों ने सांघी को अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी एवं उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर निकुंज सांघी ने कहा कि वे उद्योगों और व्यापार के लिए सकारात्मक वातावरण पैदा करने और उद्योगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में मिलकर कार्य करेंगे।

## महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर जाट समाज का प्रतिभा, सेवा व रक्तदान सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जाट समाज सहायता समिति अलवर की ओर से 25 दिसंबर को महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह भामाशाह सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति संयोजक हंसराज चौधरी, राजेश चौधरी, मोहन सिंह फौजी ने बताया कि समाज में बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान, समाज में एकता और अखंडता के अलावा शिक्षा के प्रति जागृति लाने समानता के साथ समाज सुधार के कार्यों में तेजी लाना ही इस प्रतिभा सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर समाज के द्वारा समाज के युवक युक्तियां के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम करने पर भी विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह रहे हैं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह गडूरा सेवानिवृत्ति विकास अधिकारी मोहन सिंह चौधरी, डॉ मदन सिंह डागर, मानसिंह चौधरी समाजसेवी रहे। कार्यक्रम में 60 सेवानिवृत्ति कार्मिक 200 प्रतिभा तथा 35 नवनियुक्त कार्मिक और लगभग 100 भामाशाहों को सम्मानित किया गया है रक्तदान शिविर के तहत 51 रक्तवीरों द्वारा रक्तदान किया गया जिसमें पांच महिलाएं भी शामिल हुई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने विचारों से समाज को संगठित करने का आह्वान किया गया। राज्य सरकार द्वारा अंबेडकर नगर में अलॉट जमीन पर बन रहे बालिका छात्रावास में सभी समाज जनों द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अतिथियों का माला साफा पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया तथा सभी भामाशाहों सेवानिवृत अधिकारियों, रक्तवीरों का माल-साफा पहनकर स्वागत सम्मान कर प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर गीतांजली हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ राजवीर चौधरी, कल्पेश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ योगेश चौधरी एडवांस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ मंजीत चौधरी, मनोहर आई अस्पताल के डायरेक्टर डॉ धर्म सिंह चौधरी, हनी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ राकेश चौधरी, डॉ अशोक चौधरी, पूर्व जिला पार्षद वीरेंद्र राठी, जाट गौरव सम्मान समिति के अध्यक्ष सुबे सिंह, सरपंच वीर सिंह बांबोली, चौरासी जाट महासभा के अध्यक्ष बेगराज चौधरी, अलवर नगर निगम पूर्व पार्षद सुमन चौधरी, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन नेमीचंद चौधरी, मोरध्वज चौधरी, उम्मेद सिंह गोदारा, समाजसेवी रामफल चौधरी मिर्जापुर, देवेंद्र मास्टर, बलवीर चौधरी अहलावत, डिफेंस एकेडमी के संचालक सुनील अहलावत, महिला शिक्षक रेनू बाला चौधरी, शारीरिक शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष भावना चौधरी, पत्रकार पुष्पेंद्र कुमार बसेंद्र, रामजस चौधरी व हीरा लाल फौजी सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निहाल चौधरी, महावीर चौधरी द्वारा किया गया, अहलावत डिफेंस एकेडमी के विद्यार्थियों ने रक्तदान में है अहम भूमिका निभाई।

# अरावली और मनरेगा को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश भर में प्रदर्शन करने का कार्यक्रम किया तैयार

## जिला मुख्यालय ही नहीं बल्कि गांव और ढाणी में भी होंगे प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अरावली बचाओ और मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में प्रदेश कांग्रेस की ओर से पूरे प्रदेश भर में प्रदर्शन रैली इत्यादि के कार्यक्रम तैयार किए हैं जिसके तहत 27 दिसंबर को पूरे प्रदेश भर में जिला स्तर पर पार्टी की ओर से पैदल मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 दिसंबर को मंडल स्तर पर पार्टी की बैठक आयोजित होगी तथा 30 और 31 दिसंबर को गांव और ढाणी में भी कांग्रेस जनों की ओर से प्रदर्शन किए जाएंगे। इस बाबत प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार 28 दिसंबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से जन जागरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को कहा गया है कि वह जोरदार तरीके से प्रभावी रूप से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी के मौजूदा विधायकों पार्टी के पूर्व विधायकों पार्टी के वर्तमान सांसदों पार्टी के पूर्व सांसदों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वह पार्टी की ओर से आयोजित किया जा रहे । तमाम तरह के कार्यक्रमों में अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस जनों का पूरा सहयोग करें जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी मनरेगा के नाम परिवर्तन को लेकर भी जोरदार गुस्से में है। इसलिए मनरेगा योजना पार्टी की ग्राम पंचायत से जुड़ी हुई है इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर 30 और 31 दिसंबर को जोरदार तरीके से पार्टी के संगठन से जुड़े निचले स्तर पर तैनात लोगों को प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी दी गई है प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरोप लगाया है कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार खनन माफियाओं को सीधा लाभ देने के लिए अरावली पर्वतमाला को खत्म करने की नीयत से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोटा पैसा कमाने के लालच में अरावली पर्वतमाला को खत्म किया जा रहा है जो सर्वथा अनुचित है उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला सिर्फ अरावली पर्वतमाला तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसका हमारे जनजीवन हमारी प्रकृति से सीधा जुड़ाव है इसके खत्म होने से कई तरह की गंभीर समस्याएं और संकट मानव प्रजाति के सामने आकर खड़े हो जाएंगे इसीलिए कांग्रेस पार्टी अरावली बचाओ अभियान को पूरे प्रदेश भर में जोर-शोर से संचालित कर रही है ताकि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार को सद्बुद्धि मिले उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

## उत्तर पश्चिम रेलवे की नई समय सारणी 1 जनवरी 2026 को होगी जारी

### नई ट्रेनों के संचालन ट्रेनों के विस्तार फेरो में बढ़ोतरी नए ठहराव ट्रेनों की विभिन्न स्टेशनों पर आगमन प्रस्थान समय में परिवर्तन इत्यादि होंगे शामिल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर हो रहे दोहरीकरण विद्युतीकरण आदि आधारभूत संरचना के कार्यों के कारण रेल संचालन की गति में वृद्धि और समय में बचत हुई है। इसके फलस्वरूप ट्रेनों के संचालन की समय सारणी में बदलाव हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर ट्रेनों के संचालन की नई समय सारणी 1 जनवरी 2026 को जारी की जा रही है। नई समय सारणी में नए ट्रेनों के संचालन, ट्रेनों के विस्तार, फेरों में वृद्धि, ट्रेन संख्या में बदलाव नए ठहराव तथा विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन व प्रस्ताव समय में हुए परिवर्तन आदि को सम्मिलित किया गया है। नई समय सारणी की प्रमुख विशेषता 61 ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर 01 जनवरी 2026 से दिए जा रहे नए ठहराव हैं। नई समय सारणी में 12 जोड़ी नई ट्रेनें 4 जोड़ी ट्रेनों के विस्तार, ट्रेनों के टर्मिनल स्टेशन में बदलाव 2 जोड़ी ट्रेनों के फेरों में विस्तार, 12 ट्रेनों के नंबरों में बदलाव 164 ट्रेनों के नए ठहराव जिनमें से 61 ट्रेनों के नए ठहराव 1 जनवरी 2026 से किए जा रहे हैं को सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा दो ट्रेनों के मेल एक्सप्रेस से सुपरफास्ट में परिवर्तन 89 ट्रेनों की गति में हुई वृद्धि जिसके कारण इन ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर आगमन व प्रस्थान समय में हुए परिवर्तन को शामिल किया गया है। साथ ही 66 ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर आगमन व प्रस्थान समय में 30 मिनट या अधिक समय में हुए परिवर्तन को सम्मिलित किया गया है।

## एनएसयूआई का अरावली बचाओ पैदल मार्च आज जयपुर में, सचिन पायलट और कई विधायक भी होंगे शामिल

### कल अलवर में कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन डोटासरा, पायलट, टीकाराम जूली, अशोक गहलोत सहित सभी बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से पूरे प्रदेश भर में अरावली बचाओ अभियान जोर शोर से संचालित किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में रैली धरने प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन करके केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के भजन लाल सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आज कांग्रेस पार्टी के अग्रिम संगठन एनएसयूआई की ओर से जयपुर में एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है इस पैदल मार्च में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ और एनएसयूआई के प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं के अलावा सचिन पायलट और पार्टी के कई अन्य विधायकों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार आज जयपुर के जालूपुरा थाने से कलेक्टर सर्किल तक एनएसयूआई की ओर से आज पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है स्पेशल मार्च में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के अलावा पर्यावरण की संरक्षण और सुरक्षा में कार्य कर रहे विभिन्न सामाजिक संगठनों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। इसके अलावा पार्टी के कई युवा विधायक अपने समर्थकों के साथ इस पैदल मार्च में शामिल हो रहे हैं। पैदल मार्च के सफल आयोजन के लिए एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने अपनी ओर से व्यापक तैयारी शुरू की है जिसमें पैदल मार्च में शामिल लोगों को बाकायदा पोस्टर बैनर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे जिन्हें हाथ में लेकर शातिपूरक तरीके से नारेबाजी करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कल 27 दिसंबर को अलवर में भी अरावली बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी की ओर से एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली शहर के कई इलाकों से निकलेगी इस रैली में अलवर के पूर्व सांसद भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और पार्टी के कई अन्य बड़े नेता शामिल होंगे। अलवर में आयोजित होने वाली इस रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों के शामिल होने की बात कही जा रही है क्योंकि इस पूरे मामले को लेकर प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली पहले ही दिन से केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर रोजाना हमले बोल रहे हैं इसलिए कहा जा रहा है कि 27 दिसंबर को अलवर में आयोजित होने वाली इस रैली में अलवर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में यहां कांग्रेस जनों के शामिल होने की संभावना है ।

## पूरी अरावली तो कांग्रेस खा गई कांग्रेस किस मुंह से अरावली बचाने की बात कह रही है : गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह

### डीग में ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर धरने पर बैठे साधु संतों को गृह मंत्री ने उचित कार्रवाई करने का दिलाया भरोसा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने गुरुवार को डीग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अरावली के संरक्षण को लेकर कांग्रेस पार्टी को कुछ भी कहने का अधिकार नहीं है क्योंकि पूरी अरावली को खाने वाली ही कांग्रेस पार्टी है फिर वह किस मुंह से अरावली बढ़ाने की बात कह रही अरावली बचाने की बात कह रही है कांग्रेस को इस मामले में आत्म मंथन की जरूरत है उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने ही बड़े स्तर पर खनन के पट्टे जारी किए थे उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के भजनलाल सरकार अरावली के संरक्षण के लिए कृत संकल्प है और इस मामले में केंद्र की मोदी सरकार ने फिर से स्थिति स्पष्ट कर दी है कि अरावली में खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी फिर कांग्रेस पार्टी बेवजह क्यों लोगों को गुमराह कर रही है जवाहर सिंह गुरुवार को डीग में साधु संतों की ओर से ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन के विरोध में दिए जा रहे धरने को समाप्त करने के लिए मौके पर गए थे उन्होंने धरने पर बैठे साधु संतों और सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बार-बार शुरू से ही कहते हैं कि प्रदेश में अवैध खनन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी सरकार कड़ी कार्रवाई कर भी रही है उन्होंने साधु संतों से भी कहा कि वह खुद ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पूर्व में किए गए आंदोलन में शामिल रहे हैं इसलिए वह खुद भी अवैध खनन के सख्त खिलाफ हैं क्योंकि ब्रज क्षेत्र के कान-कान में भगवान श्री कृष्ण का वास है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर लगातार कार्य कर रहे हैं गृह राज्य मंत्री के भरोसा दिलाने के बाद धरने पर बैठे लोग धरना समाप्त करने के लिए राजी हो गए इस दौरान धरने पर बैठे लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें साधु संत भी शामिल थे इसके अलावा जिला कलेक्टर और वन विभाग के अधिकारी और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह की मौजूदगी में अवैध खननरोकने के संदर्भ में बैठक का आयोजन हुआ बैठक में साधु संतों ने जहां-जहां अवैध खनन हो रहा है इसके बारे में जानकारी दी इसके बाद में गृह राज्य मंत्री के निर्देश पर एक विशेष समिति का भी गठन किया गया यह समिति नियमित रूप से ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों पर नजर रखेगी और और तुरंत जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन के बारे में जानकारी देगी

## मशहूर फ़िल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट और पत्नी को नया साल जेल में ही मानना पड़ेगा

### कोर्ट ने दूसरी बार जमानत अर्जी खारिज की, अब हाई कोर्ट का ही सहारा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मशहूर फ़िल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को अब नया साल जेल में ही मानना पड़ेगा क्योंकि कोर्ट ने दूसरी बार उनकी जमानत अर्जी को गुरुवार को खारिज किया। विक्रम भट्ट की ओर से बीमारी का हवाला देकर अंतिम जमानत अर्जी मांगी गई थी लेकिन मेडिकल रिपोर्ट में कोई बीमारी नहीं पाई गई इसलिए कोर्ट ने विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। कानून के जानकार लोगों का कहना है कि अब विक्रम भट्ट को हाई कोर्ट से ही उम्मीद है इसलिए विक्रम भट्ट के वकीलों की ओर से हाई कोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई जा सकती है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उदयपुर के एक निजी अस्पताल के मालिक अजय ने विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। इस संदर्भ में डॉक्टर अजय की ओर से पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया पुलिस में दर्ज मामले में पीड़ित अजय ने बताया था कि फिल्म निर्माण में अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर उनसे अलग-अलग किस्तों में पैसे लिए गए लेकिन फिल्म के रिलीज होने के बाद भी उन्हें ना तो उनके पैसे लौट आए गए और ना ही उन्हें मुनाफा दिया गया। पीड़ित अजय की ओर से 30 करोड़ रुपए ठगने का आरोप लगाया गया था जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और अन्य लोगों को गिरफ्तार किया हालांकि पत्रकारों से बातचीत के दौरान विक्रम भट्ट ने कहा है कि पुलिस रिपोर्ट में जो एलिगेशन उन पर लगाए गए हैं वह पूरी तरह से गलत और तथ्यहीन हैं किसी के बहकावे में आकर इस तरह की रिपोर्ट उनके खिलाफ दर्ज करवाई गई है। विक्रम भट्ट ने यहां तक कहा है कि अनुबंध के मुताबिक अजय ने उनके कर्मचारियों का पेमेंट तक नहीं किया इसलिए इस पेमेंट से बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर झूठा मुकदमा उनके खिलाफ दर्ज करवाया है उल्लेखनीय है कि विक्रम भट्ट हिंदी फिल्मों के ख्याति नाम निर्देशक और निर्माता माने जाते हैं कई हिट फिल्में इन्होंने दी है मुंबई के फिल्म उद्योग में इनका काफी बड़ा नाम है लेकिन जिस तरह से इनके और उनकी पत्नी के खिलाफ बड़े स्तर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ उसके बाद मुंबई फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों में भी कहीं ना कहीं खलबली जरूर मच गई हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग इस मामले में विक्रम भट्ट को ज्यादा दोषी नहीं मान रहे लेकिन बड़ी बात यह है कि विक्रम भट्ट के खिलाफ मामला दर्ज करवाने वाले अजय एक बड़े अस्पताल के मालिक हैं कहीं ना कहीं उनके साथ वादा खिलाफी तो हुई है इसलिए उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाया अब देखने वाली बात यह है कि इस मामले में आगे क्या निकलकर सामने आता है फिलहाल नया साल विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को जेल में ही मानना पड़ेगा ।

### आईटी कंपनी की महिला मैनेजर से दुष्कर्म

## कंपनी का सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव प्रमुख और उसका पति गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर में आईटी कंपनी की महिला मैनेजर को बेहोश करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कंपनी के सीईओ महिला एग्जीक्यूटिव प्रमुख और उसके पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिस कार में पीड़ित महिला और आरोपी लोग सवार थे उसे कर में मौजूद वॉल्यूम सिस्टम के माध्यम से पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढ़ाया और पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने इस हाई प्रोफाइल मामले में त्वरित गति से एक्शन लेते हुए आरोपी लोगों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त गौरव शिल्पा और जयस शामिल है पुलिस रिपोर्ट में आईटी कंपनी की महिला मैनेजर ने बताया था कि कंपनी से जुड़ी बर्थडे पार्टी के समापन के बाद बर्थडे पार्टी में मौजूद सभी मेहमान एक-एक करके मौके से जा चुके थे तब वह वहां अकेली थी इस दौरान जिस कंपनी में वह कार्य करती है उसी कंपनी की महिला एग्जीक्यूटिव प्रमुख उसके पास आई और बोली कि वह उसको सकुशल उसके घर छोड़ देगी इसके बाद वह अपनी कंपनी की महिला एग्जीक्यूटिव प्रमुख की कार में बैठगई इसी कर में कंपनी के सीईओ और महिला एग्जीक्यूटिव प्रमुख का पति भी सवार था रास्ते में कार्य रुकवा कर एक जगह सिगरेट खरीदी गई और वह सिगरेट गाड़ी में सवार लोगों ने उसे भी पीने को दी इसके बाद वह बेसुध हो गई अगली सुबह जब वह सोकर उठी तो उसे उसके साथ गलत होने का एहसास हुआ जिसके बाद उसने हिम्मत करके पुलिस में जाकर मामला दर्ज करवाया इस मामले ने न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान और पूरे देश के आईटी सेक्टर को शर्मसार किया है जिस तरह से कंपनी में तैनात बड़े अधिकारियों पर ही अपनी ही कंपनी की महिला के साथ षडयंत्र पूर्वक दुष्कर्म करने के जो एलिगेशन लगे हैं वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं क्योंकि जिन लोगों ने पीड़ित महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया वह महिला इस कंपनी में प्रमुख पद पर पोस्टेड थी और जिस महिला ने उसको घर छोड़ने के लिए आश्वासन दिया था वह महिला उसकी कंपनी में ही बड़े पद पर नियुक्त थी इसलिए उसने महिला होने के नाते उस पर भरोसा किया लेकिन जिस महिला ने पीड़ित महिला को सुरक्षित उसके घर पर छोड़ने का भरोसा दिलाते हुए षडयंत्र पूर्वक पीड़िता कोअपने पति और कंपनी के सीईओ के हवाले कर दिया यह वास्तव में कलंकित और शर्मसार वाली घटना है


## स्कूल में क्रिसमस मनाने पर बजरंग दल से जुड़े लोगों का हंगामा, स्कूल प्रबंधन ने तोड़फोड़ का भी लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नागौर में मानसर स्थित सेंट जेवियर स्कूल में गुरुवार को क्रिसमस डे पर आयोजित किया जा रहे। कार्यक्रम में मौके पर जाकर युवकों ने हंगामा मचाया स्कूल में तोड़फोड़ और मारपीट की इसके बाद स्कूल प्रशासन की ओर से कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कूल में मौजूद सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड की छानबीन करते हुए इस मामले में तीन युवकों को अरेस्ट भी किया है। जानकारी के अनुसार सेंट जेवियर स्कूल में क्रिसमस डे पर स्कूल परिसर में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था जिसमें बच्चे परिजन और शिक्षक मौके पर मौजूद थे इस दौरान कुछ युवक वहां पर आए युवक अपने आप को बजरंग दल का कार्यकर्ता बता रहे थे और स्कूल में कार्यक्रम आयोजन का विरोध कर रहे थे जिस पर स्कूल प्रबंधन की ओर से विरोध किया तो युवक गुस्से में हो गए और उन्होंने वहां पर तोड़फोड़ की तथा स्कूल प्रबंधन की ओर से यह आप भी लगाया गया कि उन्होंने उनके साथ मारपीट भी की । इस बार क्रिसमस डे मनाने को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े लोग काफी खफा हैं बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रदेश में कई जगहों पर जिस तरह से गरीब मजदूर आदिवासी लोगों का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है इस तरह की धर्म परिवर्तन की घटनाओं को देखते हुए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की ओर से चेतावनी दी गई है कि क्रिसमस डे पर किसी भी तरह का कोई कार्यक्रम नहीं होना चाहिए अगर कार्यक्रम होगा तो वह निश्चित रूप से इस कार्यक्रम का विरोध करेंगे । बूंदी में भी बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की ओर से क्रिसमस डे नहीं मानने के लिए साफ कहा गया है बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की ओर से जिला प्रशासन और पुलिस से भी आग्रह किया गया है कि वह इस तरह का आयोजन नहीं होने दे अन्यथा बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद इस तरह के आयोजन का विरोध करेगी । इसलिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के विरोध को देखते हुए पुलिस ने गुरुवार को सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध भी किए हैं जानकार लोगों का कहना है कि स्कूलों में क्रिसमस डे का आयोजन शुरू से ही होता है लेकिन राजस्थान में पिछले कुछ सालों में जिस तरह से जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं सामने आई हैं और ईसाई धर्म से जुड़े को गरीब मजदूर आदिवासी लोगों का जबरन धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं इससे हिंदू संगठन काफी नाराज हैं इसीलिए क्रिसमस डे पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का विरोध करने की बात हिंदू संगठनों की ओर से कही गई है अन्यथा पहले हिंदू संगठन क्रिसमस डे पर किसी भी तरह का कोई विरोध नहीं करते थे लेकिन पिछले कुछ सालों में राजस्थान में कई जगहों पर जबरन धर्म परिवर्तन के मामलों का खुलासा होने से हिंदू संगठन अब क्रिसमस डे का विरोध कर रहे है।

## राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को कथित क्षत्रिय करणी सेना की धमकी, लिखा -जहां मिले मारो


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह धमकी कथित क्षत्रिय करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत की ओर से दी गई है सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा सुन रे गुलाब चंद तेरी औकात में रहे.... हमारे महाराणा प्रताप का अपमान तू पहले भी कर चुका है अब फिर क्या है? करणी सैनिकों मारो रे इस जब और जहां मिले इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर विवाद गहरा गया है और कुछ लोग इस बयान का समर्थन भी करते नजर आए हालांकि अब तक गुलाबचंद कटारिया की ओर से कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और पुलिस इसकी जांच कर रही है दरअसल यह विवाद 22 दिसंबर को उदयपुर के गोगुंदा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम से जुड़ा है जहां गुलाबचंद कटारिया ने महाराणा प्रताप को लेकर बयान दिया था उन्होंने कहा था कि महाराणा प्रताप को सही मायने में पहचान भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में मिली साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों के जरिए हल्दीघाटी पोखरगढ़ और चामुंडा जैसे स्थानों को पहचान दिलाई गई कटारिया ने अपने बयान में समाज को बांटने वालों पर भी निशाना साधते हुए कहा था कि फूट डालकर राजनीति करने से देश कमजोर होता है उन्होंने युवाओं से ईमानदारी शिक्षा और विकास के रास्ते पर चलने की अपील की थी इस पूरे मामले के बाद राजनीतिक और सामाजिक खालको में तनाव का माहौल बन गया है और पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है अभी यह पुलिस का जांच का विषय है कि क्या वास्तव में क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत की ओर से इस तरह की पोस्ट की गई है या फिर किसी ने शेखावत को फसाने के लिए या फिर उन्हें बदनाम करने के लिए यह पोस्ट फर्जी तरीके से सोशल मीडिया पर डाली है फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है जानकार लोगों का कहना है कि हालांकि राज शेखावत के बयान काफी सनसनीखेज रहते हैं लेकिन अभी गुलाबचंद कटारिया पंजाब के राज्यपाल हैं।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की ऐसी ऐसी क्या मजबूरी जो अरावली को ही दाव पर लगा दिया : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बृहस्पतिवार को एक अभूतपूर्व पहल करते हुए अलवर में अरावली की तलहटी में पहाड़ों के बीच विशेष प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने खुले आसमान के नीचे अरावली की गोद में बैठकर जूली ने अरावली संरक्षण का बड़ा संदेश दिया और सीधे तौर पर यह दिखाया कि वो अरावली माता को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जूली ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी अरावली के विनाश के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और उन्होंने घोषणा की कि इसके लिए 27 दिसंबर को अलवर में जनजागरण अभियान का शंखनाद किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान पीछे की पहाड़ियों की ओर इशारा करते हुए जूली ने कहा मेरे पीछे जो पहाड़ी आ रही है वह एक तरफ पहाड़ी वो है जो संरक्षित की गई है और उसके साइड में आप देखेंगे तो पहाड़ी वो है जिसके अंदर खनन किया हुआ है। तो यह बताता है संरक्षित का महत्व क्या है और खनन करने के बाद की स्थिति क्या है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थानीय सांसद और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को सीधे निशाने पर लेते हुए सवाल किया कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जो उन्होंने अरावली माता को ही दांव पर लगा दिया? अरावली क्षेत्र के धार्मिक महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि जहां हम बैठे हैं इसी पहाड़ी के नीचे जगन्नाथ जी का मंदिर है और पीछे ऊपर की ओर प्राचीन दरगाह है। भर्तृहरि पांडुपोल नीलकंठ इत्यादि यह सब इस अरावली माता की गोद में ही बसे हुए हैं। आने वाले समय में इस निर्णय से हमारे इन पवित्र मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भी बड़ा संकट पैदा होगा। नेता प्रतिपक्ष ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पहाड़ियों पर आए खतरे का वर्णन करते हुए सवाल किया कि जिन पहाड़ियों को आपने फीते से नापकर अरावली से बाहर कर दिया उनके अंदर कितना खनन होगा? उन्होंने कहा कि 1 प्रतिशत पहाड़ियां 100 मीटर से ऊपर हैं तकरीबन 90 प्रतिशत पहाड़ियां आप खनन के क्षेत्र में दे देंगे तथा आज नहीं तो आने वाले समय में हमारी जनता का जीना दुश्वार हो जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय मंत्री यादव के अरावली के विषय पर अनेक इंटरव्यू दिए जाने पर भी सवाल किए और कहा कि सरकार के मंत्री का एक इंटरव्यू ही पर्याप्त होता है लेकिन मंत्री के अलग अलग चैनलों को इंटरव्यू देने का अर्थ है कि वो अपनी सफाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने बयान की याद दिलाई

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
26 दिसम्बर, 2025

## कहानी

### शबनम परी

मंद-मंद समीर बह रही थी । पूर्व दिशा से सूरज धीरे-धीरे उग रहा था। आसमान में हल्की-सी सुनहरी लाली छा गई थी। हरजोध नींद से जल्दी जाग गया, आज रविवार था, उसको स्कूल भी नहीं जाना था । वह अपने बगीचे में खेलने आ गया। घास पर जमी ओस की बूँदें ऐसे लग रही थीं, जैसे किसी ने हरे मखमल पर हीरे बिखेर दिए हों।

वह झुककर एक ओस की बूँद को निहारने लगा। तभी सूरज की किरण उस बूँद पर पड़ी – और बूँद अचानक सात रंगों में चमकने लगी! हरजोध की आँखें चौंधिया गईं। वह खुशी से चिल्लाया – 'वाह! ये तो इंद्रधनुष बन गया!'

वह कुछ देर तक देखता रहा। हर ओस कण पर जब किरण गिरती, तो उसमें बैंगनी, जामुनी, नीला, हरा, पीला, नारंगी, लाल – सब रंग झिलमिलाने लगते। हरजोध को यह जादू-सा लगा। वह बोला, 'ये कैसे हुआ? क्या ओस के अंदर रंग छिपे रहते हैं? '

उसके इतना कहते ही उन ओस की बूंदों में से एक नन्ही परी प्रकट हुई। उसके कपड़े पारदर्शी थे, बाल चाँदी जैसे चमक रहे थे और पंख इंद्रधनुषी रंगों के थे। वह मुस्कुराई और बोली, 'मैं शबनम परी हूँ। तुमने मुझे प्यार से देखा है और तुम्हारे मन में मेरे लिए उत्सुकता जागी है, इसलिए अब मैं तुम्हारे सारे सवालों का जवाब दूँगी। '

हरजोध हँस पड़ा, 'सचमुच तुम ओस से निकली हो? '

परी बोली – 'हाँ, हर बूँद में थोड़ा सा प्रकाश, थोड़ा सा पानी, और थोड़ा सा जादू छिपा होता है। जब सूरज की किरण उस पर पड़ती है, तो प्रकाश सात रंगों में बिखर जाता है। इसीलिए मैं इंद्रधनुष जैसी लगती हूँ – यह प्रकृति का खेल है, और मैं हूँ उसका रूप! '

हरजोध के होठों पर मुस्कान खेल रही थी, उसने पूछा – 'ओ प्यारी परी, भला ओस और घास में क्या रिश्ता है? '

परी मुस्कुराई, 'तुम्हारा प्रश्न तो बहुत ही प्यारा है! घास धरती की सबसे विनम्र संतान है। दिन भर सूरज की गर्मी झेलती है, और रात में जब हवा ठंडी होती है, तो आकाश की नमी उसके ऊपर आकर ठहर जाती है। वह नमी ही ओस बन जाती है। बस यूँ समझो – घास और ओस माँ-बेटी जैसी हैं। घास धरती से जन्म लेती है, और ओस आकाश से उतरती है। दोनों मिलती हैं तो धरती मां मुस्कुराने लगती है। '

हरजोध की नज़र बगीचे के फूलों पर पड़ी, उन पर भी ओस की बून्दें चमक रही थीं, उसने पूछा, 'और फूलों का क्या रिश्ता है ओस से? '

परी ने कहा – 'फूल ओस को अपनी सखी मानते हैं। रात में जब वे सो जाते हैं, तो ओस आकर फूलों को चूमती है, उन्हें दुलारती है, उनकी थकान मिटाती है, और सुबह उन्हें नई ताजगी देती है। अगर ओस न हो, तो फूल मुरझा जाएँ। इसलिए तो कहते हैं –

'जहाँ ओस गिरे, वहाँ जीवन खिले।' '

हरजोध कुछ सोचते हुए बोला – 'लोग ओस की तुलना आँसू, पसीने और अमृत से क्यों करते हैं? '

परी थोड़ी देर चुप रही, फिर बोली – 'क्योंकि ओस हर भावना की तरह अलग-अलग रूप में समझी जाती है। देखो – जब किसी की आँखों से आँसू गिरते हैं, तो कभी वे दुख के होते हैं, कभी खुशी के। ओस भी ऐसी ही होती है –

कभी धरती के दुख के आँसू मानी जाती है, कभी प्रकृति की खुशी की हँसी।'

हरजोध ने उत्सुक होकर पूछा – 'और पसीना? '

परी प्यार से बोली, 'हाँ, कुछ लोग कहते हैं कि ओस धरती का पसीना है। दिन भर जब सूरज उसे गर्म करता है, तो रात को वह ठंडक पाकर अपने रोम-रोम से नमी छोड़ती है – जैसे कोई मेहनती किसान खेत जोतने के बाद पसीना बहाता है या कोई मज़दूर सारे दिन के सख्त काम से पसीने से नहाया-सा लगता है। इसलिए ओस में मेहनत और विश्राम दोनों की कहानी छिपी है। ' 'और अमृत?' हरजोध ने आख़िरी प्रश्न किया। परी ने अपनी हथेलियों में चमकती बूँदें उठाईं और बोली – 'जब कोई व्यक्ति सुबह ही ओस को देखता है, तो उसका मन ताज़ा और शांत हो जाता है।

# आवश्यक चुनाव सुधारों की प्रतीक्षा

धनबल के दुरुपयोग होते हैं। खर्चीली रैलियां, होटल, वाहन और सैकड़ों चार्टर्ड विमान और आकाश में उड़ते हेलिकाप्टर चकित करते हैं। आखिरकार यह धन कहां से आता है? अधिकांश दल चुनाव में माफिया और धनबल का इस्तेमाल करते हैं। माफिया को टिकट देते हैं। अधिकांश दल पैसे वाले प्रत्याशी के साथ बाहुबली पर भी दांव लगाते हैं। अपने देश में स्वस्थ-दलतंत्र का विकास नहीं हुआ। अनेक दलों में आजीवन/वंशानुगत राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सभी दलों के संगठन चुनाव भी चुनाव आयोग को कराने के कानूनी प्रविधान होने चाहिए। उम्मीदवारों के पैनल भी स्थानीय समितियों, जिलों से होते हुए ऊपर आने चाहिए। जो दल अपने दल में जनतंत्र नहीं लाते, आय-व्यय का पूरा विवरण सार्वजनिक नहीं करते, चुनावी जीत के लिए माफिया/धनबली को उम्मीदवार बनाते हैं, उनसे ही चुनाव सुधारों की उम्मीद कैसे की जा सकती है? अब माफिया के निधन की स्थिति में पत्नी या पुत्र प्रत्याशी हो जाते हैं। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। वोहरा समिति (1993) ने संसदीय संस्थाओं में अपराधियों के प्रवेश पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। चुनाव में कालेधन के प्रभाव और माफिया की पकड़ को घेरना जरूरी है। आखिरकार चुनाव सुधारों पर गंभीरता से विचार क्यों नहीं होता? दलतंत्र के गलत आचरण से सुयोग्य और विचारनिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी टिकट नहीं पाते। चुनाव में अंधाधुंध खर्च होता है। निर्धारित खर्च की सीमा से दस गुना, बीस गुना से भी काम नहीं चलता। सरकार द्वारा चुनाव खर्च उठाने की बहस पुरानी है। दिनेश गोस्वामी समिति (1990) ने भी ऐसी ही सिफारिशें की थीं। चुनाव आयोग ने चुनाव को निष्पक्ष बनाने के लिए 2006 में दलीय परामर्श लिया था, लेकिन चुनाव सुधारों पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। सुझाव यह भी था कि प्रत्याशी और दलों को अतिरिक्त खर्च से रोककर सरकारी खर्च पर चुनाव की व्यवस्था की जाए।



संसदीय जनतंत्र की सारी कार्रवाई दलतंत्र से होती है। निष्पक्ष चुनाव जनतंत्र का आत्मा है। जनतंत्र की सफलता का दारोमदार दलतंत्र पर है। आदर्श चुनाव प्रक्रिया से ही कार्यपालिका और विधायिका बनती है। इसी चुनावी प्रक्रिया में लोग जनप्रतिनिधि चुनते हैं, पर चुनाव में धनबल और माफिया की भी भागीदारी है। इसलिए चुनाव आदर्श तरीके से नहीं हो पाते। निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक कर्तव्य (अनुच्छेद 324) है। मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की जिम्मेदारी भी आयोग की ही है। सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान जारी है, पर इसे लेकर विपक्ष अकारण वोट चोरी का आरोप लगा रहा है। विपक्ष और उसके नेता निर्वाचन आयोग के अधीन हुए चुनाव में दो सीटों से चुनाव लड़े थे। वोट चोरी होती तो विपक्ष की भारी संख्या में सीटें न होतीं। संसद के बीते सत्र में चुनाव सुधारों पर बहस अवश्य हुई, लेकिन वह वास्तविक सुधारों को लेकर नहीं हुई। सारा ध्यान एसआइआर पर रहा। यह समझा जाना चाहिए कि चुनाव सुधारों की गति धीमी है। आदर्श चुनाव आचार संहिता 1967 में बनी थी। आचार संहिता का पालन सबका कर्तव्य है, मगर चुनाव अभियानों में अधिकांश दल आचार संहिता तोड़ते हैं। जनतंत्र में जन गण मन अपने भाग्य विधाता चुनते हैं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया बाहुबल और धनबल के द्वारा सत्ता प्राप्ति का खेल बन गई है। राजनीतिक दल इस खेल में मुख्य खिलाड़ी हैं। दल अपने नियमित संचालन पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, लेकिन विचार और कार्यकर्ता आधारित संगठन नहीं बनाते। चुनाव नजदीक आते ही जिताऊ प्रत्याशी की खोज शुरू हो जाती है। धनबल के दुरुपयोग होते हैं। खर्चीली रैलियां, होटल, वाहन और सैकड़ों चार्टर्ड विमान और आकाश में उड़ते हेलिकाप्टर चकित करते हैं। आखिरकार यह धन कहां से आता है? अधिकांश दल चुनाव में माफिया और धनबल का इस्तेमाल करते हैं। माफिया को टिकट देते हैं। अधिकांश दल पैसे वाले प्रत्याशी के साथ बाहुबली पर भी दांव लगाते हैं। अपने देश में स्वस्थ-दलतंत्र का विकास नहीं हुआ। अनेक दलों में आजीवन/वंशानुगत राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सभी दलों के संगठन चुनाव भी चुनाव आयोग को कराने के कानूनी प्रविधान होने चाहिए। उम्मीदवारों के पैनल भी स्थानीय समितियों, जिलों से होते हुए ऊपर आने चाहिए। जो दल अपने दल में जनतंत्र नहीं लाते, आय-व्यय का पूरा विवरण सार्वजनिक नहीं करते, चुनावी जीत के लिए माफिया/धनबली को उम्मीदवार बनाते हैं, उनसे ही चुनाव सुधारों की उम्मीद कैसे की जा सकती है? अब माफिया के निधन की स्थिति में पत्नी या पुत्र प्रत्याशी हो जाते हैं। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। वोहरा समिति (1993) ने संसदीय संस्थाओं में अपराधियों के प्रवेश पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। चुनाव में कालेधन के प्रभाव और माफिया की पकड़ को घेरना जरूरी है। आखिरकार चुनाव सुधारों पर गंभीरता से विचार क्यों नहीं होता? दलतंत्र के गलत आचरण से सुयोग्य और विचारनिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी टिकट नहीं पाते। चुनाव में अंधाधुंध खर्च होता है। निर्धारित खर्च की सीमा से दस गुना, बीस गुना से भी काम नहीं चलता। सरकार द्वारा चुनाव खर्च उठाने की बहस पुरानी है। दिनेश गोस्वामी समिति (1990) ने भी ऐसी ही सिफारिशें की थीं। चुनाव आयोग ने चुनाव को निष्पक्ष बनाने के लिए 2006 में दलीय परामर्श लिया था, लेकिन चुनाव सुधारों पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। सुझाव यह भी था कि प्रत्याशी और दलों को अतिरिक्त खर्च से रोककर सरकारी खर्च पर चुनाव की व्यवस्था की जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इसे व्यावहारिक नहीं माना। इंग्लैंड, आयरलैंड आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा की सरकारें सीमित चुनाव खर्च देती हैं। अमेरिका में चुनाव का खर्च निजी क्षेत्र ही उठाते हैं। राजनीति का अपराधीकरण रोकने की दिशा में भी बहुत काम करना शेष है। जो धनबल, बाहुबल और भ्रष्टाचार के सहारे चुनाव जीत जाते हैं, उनसे कोई आशा कैसे की जा सकती है। माफिया जीतते हैं। मतदाता डरते हैं। पूंजीपति जिताऊ हैं। वे समर्थन खरीदते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पालिटिकल डायरी (पृष्ठ 146) में लिखा है, 'भारत में दल एक ही विचार करते हैं कि प्रत्याशी ऐसा हो जो चुनाव जीते।' उन्होंने सभी दलों से अपील की थी कि ईमानदार पार्टी कार्यकर्ता को ही टिकट देना चाहिए। अगर प्रत्याशी आदर्श कार्यकर्ता नहीं है तो उसे वोट न दें। संविधान निर्माता भविष्य के चुनावी भ्रष्टाचार और उसके परिणामों के प्रति सतर्क थे। सभा (16.6.1949) में हृदयनाथ कुंजरु ने आशंका व्यक्त की कि दोषपूर्ण निर्वाचन की व्यवस्था से लोकतंत्र विषाक्त होगा। केएम मुंशी ने कहा था, 'भारत की जनता को अपने प्रतिनिधि संदेह और पक्षपात रहित स्वस्थ प्रणाली के माध्यम से चुनने का अधिकार होना चाहिए।' प्रस्तावक डा. बीआर आंबेडकर ने कहा था, 'मताधिकार ही जनतंत्र का प्राण है।' संविधान सभा ने निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया पर लंबी बहस की। उन्होंने निर्वाचन आयोग को संवैधानिक संस्था बनाया, लेकिन पहले आम चुनाव (1952) से ही निर्वाचन में धांधली शुरू हो गई। संविधान निर्माताओं की आशंका सच निकली। धांधली के आरोप प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सहित बड़े-बड़ों पर भी लगे। जिस देश में प्रधानमंत्री को भी चुनावी कदाचरण का दोषी पाकर सदन की सदस्यता खारिज की गई हो, उसी देश में चुनाव सुधारों की धीमी गति से निराश होना स्वाभाविक है।

## सम्पादकीय

### खाली बिस्तर पर लेटने पर डॉक्टर का आपा खोना, संवेदनशीलता पर बड़े सवाल



चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, क्योंकि वह अपने ज्ञान और कौशल से मरीजों का जीवन बचाने और उसे बेहतर बनाने का काम करता है। चिकित्सक को मरीज के शारीरिक कष्ट का ही नहीं, बल्कि उसकी मानसिक स्थिति का भी ध्यान रखना होता है। ऐसे में चिकित्सक का व्यवहार और संवेदनशीलता कई मायनों में महत्त्वपूर्ण होती है। लेकिन कोई चिकित्सक अगर इलाज के दौरान आपा खोकर मरीज पर ही हमला कर दे, तो उसे क्या कहा जाएगा। हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में सोमवार को ऐसा ही मामला सामने आया, जिसमें एक चिकित्सक ने मरीज के साथ बहस के बाद उसकी पिटाई कर दी। मामले ने तूल पकड़ा, तो अस्पताल प्रबंधन ने आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर घटना की जांच शुरू कर दी। सवाल है कि अगर कोई मरीज असंतुलित व्यवहार भी करता है, तो क्या चिकित्सक का इस कदर आक्रामक होना उचित है? क्या उसका यह दायित्व नहीं है कि वह मरीज की मनोदशा समझकर संवेदनशील और संयमित तरीके से प्रतिक्रिया दे? इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के अभाव का संकट बढ़ता जा रहा है, जिस कारण काम का दबाव भी बढ़ गया है। ऐसे में कई बार चिकित्सकों का व्यवहार सख्त हो सकता है, लेकिन उनसे मरीज के साथ मारपीट करने जैसी हरकत की अपेक्षा नहीं की जा सकती। शिमला के अस्पताल में जिस मरीज के साथ मारपीट की गई, वह फेफड़ों में तकलीफ की शिकायत लेकर वहां आया था। जांच के बाद सांस लेने में दिक्कत होने पर उसे अस्पताल में ही कुछ समय के लिए आराम करने की सलाह दी गई। इसके बाद वह एक वार्ड में खाली पड़े बिस्तर पर लेट गया और इसी को लेकर चिकित्सक के साथ उसकी बहस हो गई। सवाल है कि अगर कोई मरीज भर्ती हुए बिना अस्पताल के खाली पड़े बिस्तर पर कुछ देर आराम कर ले, तो उस पर किसी चिकित्सक को आपत्ति क्यों होनी चाहिए? चिकित्सक का प्राथमिक दायित्व मरीज के प्रति संवेदनशील होना और उसे राहत देने का होना चाहिए या नियम की दुहाई देकर उसे प्रताड़ित करने का? चिकित्सकों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

# बड़े खतरे के सामने बांग्लादेशी हिंदू

इस कानून की आड़ में अल्पसंख्यकों की जमीनों पर कब्जा करना आसान था। यह कानून पाकिस्तान ने बनाया था, लेकिन बांग्लादेश बनने के बाद भी वह अस्तित्व में रहा। इस कानून के कारण हिंदुओं और बौद्धों की लाखों एकड़ भूमि कब्जाई जा चुकी है। अराजक तत्व फर्जी कागजों के जरिये उनकी संपत्ति को शत्रु संपत्ति बताकर उस पर कब्जा कर लेते हैं। अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं की जमीनों से जुड़े लाखों मुकदमे अदालतों में लंबित हैं। हालांकि शेख हसीना सरकार ने इस कानून में संशोधन किए, लेकिन वे अपर्याप्त साबित हुए। माना जाता है कि शेख हसीना की सरकार में हिंदू एवं अन्य अल्पसंख्यक अपने को सुरक्षित पाते थे, लेकिन यह एक हद तक ही सही है। उनके शासनकाल में भी हिंदुओं का उत्पीड़न होता था। इतना अवश्य है कि खालिदा जिया शासन के मुकाबले कुछ कम होता था। इस कारण वहां से हिंदुओं का

बांग्लादेश के मैमन सिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या जिस बर्बर तरीके से की गई, वह इकलौती ऐसी घटना नहीं, जो इस देश में हिंदुओं की दुर्दशा और उनके समक्ष उभर रहे खतरे को दिखाती हो। वे लगातार खतरे में रहे हैं और आगे यह बढ़ता हुआ ही दिख रहा है। ऐसा नहीं है कि पिछले वर्ष अगस्त में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद ही वहां के हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर आफत टूट पड़ी। सच यह है कि भारत विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान और फिर बांग्लादेश के हिंदू कभी चैन से नहीं रह पाए। भारत विभाजन के समय पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश में हिंदुओं और विशेष रूप से दलित हिंदुओं की संख्या अधिक थी और इसका कारण दलित नेता जोगेंद्र नाथ मंडल थे।


उन्होंने यह मानकर जिन्ना की मुस्लिम लीग का साथ दिया कि नए बने देश में दलित ज्यादा सुरक्षित और अधिकार संपन्न होंगे। उनका पूर्वी पाकिस्तान में अधिक प्रभाव था। मंडल पाकिस्तान के कानून मंत्री तो बने, लेकिन जिन्ना के निधन के साथ ही उनकी उपेक्षा और हिंदुओं की प्रताड़ना का सिलसिला कायम हो गया। मंडल तो इस्तीफा देकर चुपचाप कलकत्ता लौट आए, लेकिन उनके आश्वासन के चलते वहीं रहे गए हिंदू ठगे रह गए। हिंदुओं की प्रताड़ना पाकिस्तान के दोनों हिस्सों में होती रही। पूर्वी पाकिस्तान के हिंदुओं के भागकर भारत आने का जो सिलसिला कायम हुआ, वह कभी थमा नहीं। जब पूर्वी पाकिस्तान अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, तब वहां से पलायन कर भारत आने वाली अधिकांश आबादी हिंदुओं की ही थी। पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लादेश बनने के बाद हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों ने चैन की सांस ली, लेकिन इस नए बने देश में भी उनकी प्रताड़ना कम नहीं हुई। कट्टरपंथी तत्व जब-तब उन्हें निशाना बनाते रहते। इसमें एक भूमिका शत्रु संपत्ति कानून की भी रही। इस कानून की




आड़ में अल्पसंख्यकों की जमीनों पर कब्जा करना आसान था। यह कानून पाकिस्तान ने बनाया था, लेकिन बांग्लादेश बनने के बाद भी वह अस्तित्व में रहा। इस कानून के कारण हिंदुओं और बौद्धों की लाखों एकड़ भूमि कब्जाई जा चुकी है। अराजक तत्व फर्जी कागजों के जरिये उनकी संपत्ति को शत्रु संपत्ति बताकर उस पर कब्जा कर लेते हैं। अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं की जमीनों से जुड़े लाखों मुकदमे अदालतों में लंबित हैं। हालांकि शेख हसीना सरकार ने इस कानून में संशोधन किए, लेकिन वे अपर्याप्त साबित हुए। माना जाता है कि शेख हसीना की सरकार में हिंदू एवं अन्य अल्पसंख्यक अपने को सुरक्षित पाते थे, लेकिन यह एक हद तक ही सही है। उनके शासनकाल में भी हिंदुओं का उत्पीड़न होता था। इतना अवश्य है कि खालिदा जिया शासन के मुकाबले कुछ कम होता था। इस कारण वहां से हिंदुओं का पलायन कभी थमा ही नहीं। समर्थ हिंदू विदेश जाते रहे और गरीब भारत भाग आते रहे। शेख हसीना अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करने वाले जमाते इस्लामी जैसे कट्टरपंथी समूहों के साथ जिहादी तत्वों को काबू में रखती थीं। उनकी सरकार के तख्तापलट बाद ऐसे तत्व वहां बेकाबू हैं और इसीलिए पिछले 16 महीनों से वहां उनका दमन बढ़ गया है। तख्तापलट के बाद बनी छात्रों की नई पार्टी एनसीपी और इंकलाब मंच जैसे राजनीतिक समूहों की विचारधारा जमाते इस्लामी के निकट ही है। पिछले दिनों मारा गया छात्र नेता उस्मान हादी इंकलाब मंच का ही था। वह कट्टर भारत विरोधी था। बांग्लादेश के मौजूदा हालात वैसे ही खतरनाक दिख रहे हैं, जैसे शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद दिख रहे थे।

# चिंतित करता बांग्लादेश, भारत को रहना होगा अलर्ट

बांग्लादेश में मारे गए छात्र नेता उस्मान हादी के भाई ने जिस तरह उसकी हत्या के लिए मोहम्मद यूनुस सरकार को ही कठघरे में खड़ा किया, उससे यह साफ है कि इस मामले में भारत को बदनाम करने के लिए सुनियोजित ढंग से काम किया गया। बांग्लादेश में हादी को गोली मारने वाले के भारत भाग जाने की अफवाह कई दिनों तक चलती रही, लेकिन वहां की सरकार और पुलिस ने इस पर कुछ न कहना ही बेहतर समझा। जब हादी के हत्यारे के भारत में छिपने की अफवाह के बहाने वहां उपद्रव बेलगाम हो गया और मीडिया के साथ-साथ हिंदुओं को भी निशाना बनाया जाने लगा, तब जाकर यह स्पष्ट किया गया कि हादी का हत्यारा बांग्लादेश में ही कहीं छिपा है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि यह स्पष्टीकरण इसलिए दिया गया, क्योंकि



भारत विरोध अपनी हदें पार कर गया एवं उसकी चपेट में बांग्लादेश भी आ गया और अंतरिम सरकार की क्षमता पर सवाल उठ खड़े हुए। बांग्लादेश में भारत विरोधी तत्व हमेशा से रहे हैं, लेकिन शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद उन्हें खुली छूट दे दी गई। अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में मोहम्मद यूनुस ने न केवल भारत विरोधी तत्वों को बेलगाम होने दिया, बल्कि उन्होंने खुद भी समय-समय पर उकसावे वाले बयान दिए। उन्होंने कभी बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न को भारत से किया जाने वाला दुष्प्रचार बताया और कभी पूर्वोत्तर में चीन को सक्रिय होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने उस पाकिस्तान से सहयोग का सिलसिला भी शुरू किया, जिसने बांग्लादेश में कहर ढाया था। इसी तरह उन्होंने जमाते इस्लामी और इस जैसे अन्य भारत विरोधी कट्टरपंथी संगठनों की पीठ पर हाथ रखा। इस नतीजे पर पहुंचने के पर्याप्त आधार हैं कि बांग्लादेश में भारत विरोधी जो माहौल बनाया जा रहा है, वह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है और यदि मोहम्मद यूनुस और उनकी सरकार के सहयोगी इस साजिश में शामिल नहीं हैं तो उसकी अनदेखी तो कर ही रहे हैं। लगता है कि शेख हसीना के प्रति अपनी चिढ़ के चलते वे भारत से संबंध खराब करने पर तुले हुए हैं। यूनुस नोबेल पुरस्कार विजेता अवश्य हैं, लेकिन भारत को उनके रवैये को लेकर सावधान रहने के साथ ही यह भी देखना होगा कि बांग्लादेश में उसके हितों के खिलाफ जो काम हो रहा है, उसमें पाकिस्तान के साथ-साथ तुर्किये और पश्चिमी देश भी शामिल हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पश्चिमी देश और विशेष रूप से अमेरिका और यूरोप बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के खतरनाक उभार को लेकर किस तरह मौन साधे हुए हैं। ऐसे में भारत को बांग्लादेश के घटनाक्रम को लेकर सतर्कता और चौकसी बरतने के साथ ही अपने कूटनीतिक कौशल का भी परिचय देना होगा।

## सुशासन दिवसः जिले भर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली सुशासन की शपथ



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस गुरुवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिले भर के राजकीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सुशासन की शपथ ली। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट वीसी रूम में हुआ। यहां जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से सभी कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुशासन की शपथ ली और सभी ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कार्मिकों से आमजन के हित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्मिक सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं। वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गंभीरता से कार्य करें, जिससे आमजन को राहत मिल सके। गौरतलब है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर 2025 तक सुशासन सप्ताह मनाया गया। इसके तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर तथा जिला स्तरीय कार्यशाला सहित अन्य कार्यक्रम हुए। इसी श्रृंखला में गुरुवार को सुशासन दिवस समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी एसपी किशनगढ़बास, अतिरिक्त निदेशक कृषि विभाग विजय सिंह, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव, उपनिदेशक सहकारिता विभाग वेद प्रकाश सैनी, सहायक निदेशक आयुर्वेद अजीत, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, एसीएफ वन विभाग संजय, अधिशासी अभियंता छत्रपाल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में जिले के समस्त ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तरीय राजकीय कार्यालयों में भी कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई गई।

## केंद्र सरकार ने लिया एतिहासिक फैसलाः सुमन कुलहरी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** अरावली में नए खनन पट्टों पर लगी रोक के बाद भाजपा नेता सुमन कुलहरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आज एतिहासिक फैसला लिया है। उन्होंने गुरुवार को जारी वक्तव्य में कहा कि इस फैसले के अंतर्गत सम्पूर्ण अरावली पर्वतमाला में नए खनन पट्टों पर पूर्ण प्रतिबंध लगेगा, पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त इको सेंसेटिव जोन चिन्हित किए जाएंगे और विज्ञान-आधारित सस्टेनेबल माइनिंग प्लान तैयार किया जाएगा। कांग्रेस ने दशकों तक अवैध खनन माफिया को संरक्षण दिया है, 'झूठ' और 'भ्रम' फैलाकर जनता को गुमराह करने वाली कांग्रेस को अब आत्ममंथन करना चाहिए और नकारात्मक राजनीति छोड़कर राजस्थान की सम्मानित जनता के साथ ईमानदारी से पेश आना चाहिए।

## कवि गोष्ठी का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के साहित्यिक संस्था संदर्स की और से यश विला परिसर में कवि गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के नवनियुक्त अध्यक्ष जगदीश जांगिड़ ने की और मुख्य अतिथि ठाकुर आनंद सिंह शेखावत व विशिष्ट अतिथि चिरंजी लाल सैनी रहे। कवि संतकुमार सोनी ने सरस्वती वंदना से आगाज किया। इसमें मुरली मनोहर चोबदार, सुरेश कुमार जांगिड, अरविंद वशिष्ठ, महेंद्र कुमार कुमावत, श्रीकांत पारीक, रिद्धकरण बासोतिया, राजेश जैन, सज्जन जोशी, दिनेश कुमार शर्मा, ओम प्रकाश सेन, वेद रामकृष्ण, संतकुमार सोनी ने एक से बढ़कर एक रचनाएं व सरस गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सुरेश जांगिड़ व डॉक्टर अरविंद वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर सुरेश सोनी, रतन नरनोलिया मदन लाल सैनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अंत में टी एम त्रिपाठी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिव श्रृंगार, शिवरात्रि महोत्सव व नंदी सवारी से धर्माचरण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / जयपुर(निस)।** दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की परम दिव्य अनुकंपा से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) की ओर से आयोजित पाँच दिवसीय शिव आराधन के पंचम एवं समापन दिवस का आयोजन जे.डी. पैराडाइज, आगरा रोड, जयपुर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिव श्रृंगार, शिवरात्रि महोत्सव एवं भगवान शिव की नंदी (बैल) सवारी के माध्यम से धर्म, संयम और संस्कारों का गूढ़ संदेश प्रदान किया गया। पंचम दिवस पर सर्वप्रथम भगवान शिव के दिव्य श्रृंगार का भावपूर्ण वर्णन एवं दर्शन कराया गया। साध्वी लोकेशा भारती जी ने कहा कि शिव श्रृंगार केवल बाह्य अलंकरण नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण, वैराग्य, करुणा और संतुलन का प्रतीक है। भस्म, जटा, चंद्रमा, गंगा और रुद्राक्ष–ये सभी संकेत देते हैं कि शिव भोग में नहीं, बल्कि त्याग और चेतना में प्रतिष्ठित हैं। शिव श्रृंगार मानव को यह सिखाता है कि जीवन में सादगी, संयम और आत्मबोध ही वास्तविक सौंदर्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब विवाह और पारिवारिक जीवन से धर्म का स्थान समाप्त हो जाता है, तब रिश्तों में असंतुलन और विघटन स्वाभाविक हो जाता है। धर्मयुक्त गृहस्थ जीवन ही समाज को स्थायित्व और संस्कार प्रदान करता है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज प्रदत्त दिव्य दृष्टि (दिव्य चक्षु) मानव को ईश्वर साक्षात्कार के साथ-साथ धर्म, कर्तव्य और आत्मबोध के मार्ग पर भी स्थापित करती है। इस दिव्य अनुभव से जीवन संयमित, मर्यादित और मूल्यनिष्ठ बनता है। कार्यक्रम के दौरान भजन, कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने गहन आध्यात्मिक शांति और आनंद का अनुभव किया। शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया। पंचम दिवस का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि धर्माचरण, शिव तत्व की अनुभूति अर्थात ब्रह्मज्ञान के माध्यम से ही समाज में स्थायी संतुलन और शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम में मनोज गुप्ता, तारा चाँद जैन,अश्विनी देशमुखडॉ हर सहाय मीणा सुमन मीणा,गजानंद शर्मा सुगनचंद शर्मा, राधामोहन

# कुशवाहा समाज की मेधावी प्रतिभाओं, सरकारी सेवा में नियुक्त कार्मिकों का सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित सूर्यवंशी कुशवाहा क्षत्रिय समाज के छात्रावास में कुशवाहा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं व नवनियुक्त और सेवानिवृत्ति कर्मचारियो, प्रतिभाओं का 24 वां कुशवाहा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि धौलपुर विधायक दंपति शोभारानी और बीएल कुशवाहा रहे। पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा ने कहा कि समाज के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे और बेटी के न्याय की लडाई में कोई रोड ना बने 27 तक हम प्रशासन की वात देखते हैं और 28 को बैठक करेंगेद्ध जिसमें धरना प्रदर्शन और आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा में पहली बार चयनित होने वाले कुशवाहा समाज का गौरव बढ़ाने वाले हेमंत सिंह कुशवाहा रुदावल रहे। उन्होंने प्रदेश में कुशवाहा समाज का गौरव और सम्मान बढ़ाया है, हेमंत कुशवाहा ने कहा शिक्षा ही सब कुछ है, वह शिक्षा ही जीवन का आधार है, सब की नजरें पूरे कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा में चयनित हेमंत कुशवाहा पर टिकी रहीन हेमंत कुशवाहा ने कहा कि आज मैं जिस मंच से सम्मानित हो रहा हूं, मैं चाहता हूं कि आने वाले समय में इसी मंच से हेमंत जैसे सैकड़ो मेरी कुशवाहा समाज के भाई बहिन सम्मानित होने चाहिए। मेरी जहां भी समाज को जरूरत होगी, वहां मैं समय के



अनुसार कुशवाहा समाज के साथ साथ सर्व समाज के लिए काम करूगाँ, मेरे माता-पिता, मेरा समाज और मेरे सहयोगी, जिन्होंने मुझे प्रशासनिक सेवा के इस पद पर पहुंचने में अहम भूमिका निभाई, इस माता पिता और समाज को मैं बार-बार धन्यवाद देता हूं, उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और मेहनत के अनुरूप मिला परिणाम ही जीवन का आनंद होता है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुरजीत सिंह कुशवाहा शिशु रोग विशेषज्ञ ने बच्चों की शिक्षा को लेकर अपने विचार रखें। इस दौरान नवचयनित कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और 10वीं 12वीं और स्नातक स्तर तक के तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अच्छी प्रतिशत प्राप्त करने वाले बच्चों को करीब 250 तथा 50 नव चयनित कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कुशवाहा समाज ने शिवराम कुशवाहा के निधन पर भीगी पलकों से श्रद्धांजलि दी। छात्रावास परिसर में हजारों लोगों की उपस्थिति में मौन धारण किया। टॉपर्स छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष सोनवीर कुशवाहा ने दूरराज से आए सभी समाज बंधुओ का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान धौलपुर के मार्गदर्शक व वरिष्ठ समाज सेवी बाबू सिंह कुशवाहा ने समाज के मान सम्मान और समाज की बेटी के साथ हुए दुराचार के खिलाफ समाज के लोगों को लडने की बात कही है, उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज अपने मान सम्मान के लिए मर मिटने के लिए तैयार है और बेटी को न्याय दिलवाकर रहेगा। छात्रावास कार्यक्रम में विधायक शोभारानी कुशवाहा, पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा, धौलपुर कुशवाहा समाज के मार्गदर्शक ठाकुर बाबू सिंह कुशवाहा, पूरन सिंह कुशवाहा मनिया, कुशवाहा कर्मचारी जिला अध्यक्ष हेमसिंह कुशवाहा, धौलपुर प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाहा, वरिष्ठ समाज सेवी गोरेलाल कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा विकास समिति अध्यक्ष महावीर कुशवाहा, जयभोले कुशवाहा विकास समिति अध्यक्ष रामहेत कुशवाहा, कर्मचारी जिला अध्यक्ष हेमसिंह कुशवाहा सहित सैकड़ो की संख्या में वरिष्ठ जनों के साथ साथ या हजारों की संख्या में महिला, बच्चे व प्रतिभावान छात्र-छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष सोनवीर सिंह कुशवाहा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओ का धन्यवाद व्यक्त कर आभार व्यक्त किया।

कुछ दिन पूर्व समाज की बेटी के साथ हुए दुराचार के विरोध में समाज के लोगों के सोशल मीडिया पर टिप्पणी की गई कि कार्यक्रम को आगे हटा देना चाहिए, जब तक गिरफ्तारी नहीं हो जाए, उस संदर्भ में छात्र संघ अध्यक्ष सोनवीर कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर कहा था कि जो भी मना कर रहे हैं, वह लोग असामाजिक तत्व हैं, सामाजिक सूत्रों के अनुसार सोनवीर के खिलाफ समाज के लोगों में काफी रोस व्याप्त है, लोगों का कहना है कि सोनवीर एक जिम्मेदार पद पर आसीन है, उसे समाज के लोगों को बैठाकर समझना चाहिए था, उन्हें समाज की भावनाओं को समझना चाहिए था। धौलपुर विधायक बीएल कुशवाहा की सदस्यता रद्द हुई थी और उनको सजा हुई, जिसके कारण कार्यक्रम को आगे हटा दिया। उनका कहना था कि राजस्थान प्रदेश के सबसे बड़े ईमानदार विधायक रहे शिवराम सिंह कुशवाहा का निधन हो गया और उसके बाद समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है जिस कार्यक्रम को आगे हटा दिया जाए। इस दौरान अर्जुनसिंह, बसेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा ,सुरेंद्र सिंह कुशवाहा खेरिया,किशन सिंह कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री शेर सिंह कुशवाहा भरतपुर, राजस्थान युवा कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा,धौलपुर छात्रावास भामाशाह करणसिंह, पीतमसिंह दूंका पुरा,रक्षपालसिंह सरपंच गुर्जा बसेड़ी, श्रीराम कुशवाहा, शंकर सिंह मास्टर ,मेवाराम कुशवाहा मुरैना, रामदयाल कुशवाहा मुरैना, चोब सिंह कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा बत्तीलाल कुशवाहा बसेड़ी, राजेश कुशवाह मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। दूसरी ओर छात्रावास भामाशाह करण सिंह कुशवाहा एवं उनके परिजनों को सोनवीर कुशवाहा ने अपनी तानाशाही के चलते नहीं कार्यक्रम में बुलाया और नहीं उन्हें किसी प्रकार का कोई न्योता दिया जबकि उन्होंने धौलपुर के बीच करोड़ों रुपए की बेस कीमती जमीन को छात्रावास व समाज के लिए दान दिया है, ऐसे भामाशाहा को बुलाना चाहिए था, उनके बेटे राजेंद्र सिंह कुशवाहा जो छात्र संघ के पूर्व में अध्यक्ष रहे हैं, उनका कहना है कि हमें समाज बुलाएं, ना बुलाए लेकिन हम समाज के लिए हर समय तत्पर तैयार रहेंगे।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम

## बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण शिविर बीकानेर में आयोजित

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। राष्ट्रभक्त, संस्कारवान व सक्षम युवाओं के निर्माण के उद्देश्य से बजरंग दल की ओर से प्रतिवर्ष शौर्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष यह प्रशिक्षण शिविर बीकानेर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान लाठी संचालन, जूडो-कराटे, पीटी, परेड, शारीरिक व्यायाम तथा बाधा पार करने जैसे अभ्यास कराए जा रहे हैं, जिससे युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभावना का विकास हो सके। नावा प्रखण्ड से पूर्व प्रशिक्षण शिविरों की तरह इस बार भी बजरंग दल के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। नावा से रोहित साहू, कुलदीप सैनी, लक्ष्य फुलवारिया, लक्षित राज व्यास बीकानेर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गए हैं, जो प्रशिक्षण उपरांत नावां प्रखण्ड के अन्य युवाओं को भी प्रशिक्षित करेंगे। बजरंग दल सह संयोजक मालचंद शर्मा व योगेश बंजारा ने बताया कि ऐसे शिविरों से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल होती है और शारीरिक व आध्यात्मिक विकास होता है। शिविर में विश्व हिंदू परिषद के अनुभवी व उच्च दायित्व वाले पदाधिकारियों का सानिध्य भी प्राप्त होता है, जिससे युवाओं को मार्गदर्शन और अनुभव साझा करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर बजरंग दल संयोजक मुकेश जलांधरा, बद्री फुलवारिया, अजय व्यास, नरेंद्र मलिन्दा, गोविंद जलांधरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खेलों से अनुशासन की मिलती है सीख : कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत

### सांसद खेल समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

जयपुर टाइम्स




**पाली(निस)।** युवा शक्ति का उत्सव, सांसद खेल महोत्सव, समापन व पुरस्कार वितरण समारोह बांगड़ स्टेडियम में हुआ जिसमें कुल 13 खेलों की अंडर-19 पुरुष व महिला टीमों ने भाग लिया। खेलों में कैरम, बैडमिंटन, 400 मीटर स्प्रिंट, 100 मीटर स्प्रिंट, ऊंची कूद, कबड्डी, लंगडी, फुटबॉल क्रिकेट, खोड्खो, वॉलीबॉल, हॉकी व रस्साकसी की टीमों की ओर से भाग लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअल इस कार्यक्रम से जुड़े माननीय के उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ की घोषणा कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की ओर से की गई। ध्वजारोहण सांसद पी.पी. चौधरी ने किया। साथ ही सांसद खेल प्रतियोगिता में पाली का नाम रोशन करने तथा खेल को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री की ओर से सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई । उन्होंने कहा कि खेलों में या तो आदमी खेलता है या सीखता है। पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के इस मशीनरी युग में आदमी मानसिक दबाव में रहता है जिसमें खेल से आराम मिलता है व खेलों से अनुशासन की सीख भी मिलती है। कार्यक्रम में विधायक बाली पुष्पेंद्र सिंह राणावत, विधायक सोजत शोभा चौहान, प्रदेश संयोजक सांसद खेल महेंद्र मेघवाल, जनप्रतिनिधि महेंद्र बोहरा, सुनील भंडारी, रामकिशोर साबू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ( सीलिंग) ओम प्रभा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेंद्र मेहता, विकास सपा, जिला खेल अधिकारी लेहरी दास वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित, पुलिस विभाग के सुधड़ सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व राजकीय आधिकारी, विभिन्न टीमों के साथ आए अध्यापक, कर्मचारी मौजूद रहे।

### रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सेमिनार

## शिक्षक शिक्षा में मनोविज्ञान की भूमिका पर मंथन

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** कस्बे के डिग्गी रोड स्थित रातल्या के रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रघुनाथपुरा में एक शैक्षणिक सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेमिनार में 'शिक्षक शिक्षा में मनोविज्ञान की भूमिका' विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रशिक्षु विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मीनू अग्रवाल एवं डॉ. सतीश मंगल उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. मीनू अग्रवाल ने वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव, प्रतिस्पर्धा एवं सामाजिक दबावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मनोविज्ञान शिक्षा किस प्रकार विद्यार्थियों को तनाव से उबरने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति को समझकर शिक्षण कार्य करें तो शिक्षा अधिक प्रभावी बन सकती है। वहीं डॉ. सतीश मंगल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों की समस्याएं केवल शैक्षणिक नहीं रह गई हैं, बल्कि उनमें भावनात्मक एवं मानसिक पहलू भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में शिक्षकों को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए विद्यार्थियों की कठिनाइयों को समझना और समाधान करना आवश्यक है। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं के मनोवैज्ञानिक समाधान बताए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्रवक्ता अनीता स्वर्णकार ने दोनों मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### रेनवाल प्रीमियर लीग-1 का रोमांचक समापन

## वीर तेजा इलेवन ने द रॉयल वॉरियर्स को हराकर जीता फाइनल

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** डिग्गी-मालपुरा स्टेट हाईवे पर स्थित रोहिणी नगर प्रथम, रेनवाल मांजी में आयोजित रेनवाल प्रीमियर लीग-1 का फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर रहा। खचाखच भरे मैदान में खेले गए फाइनल में वीर तेजा इलेवन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द रॉयल वॉरियर्स को पांच विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिससे पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा। फाइनल मुकाबले में द रॉयल वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में संघर्षपूर्ण खेल दिखाते हुए 86 रन बनाए। वीर तेजा इलेवन के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ कसी हुई गेंदबाजी कर विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोके रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीर तेजा इलेवन टीम ने संयम और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट शेष रहते जीत हासिल की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रामावतार मांड्या को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी के लिए विशाल हेडिया को मैन ऑफ द सीरीज (बेस्ट बॉलर) और निरंतर बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए आशुतोष पारीक को बेस्ट बल्लेबाज ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में अतिथियों की ओर से विजेता वीर तेजा इलेवन टीम को ट्रॉफी के साथ 21,000 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता द रॉयल वॉरियर्स टीम को ट्रॉफी सहित 11,000 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## अजमेर शरीफ़ दरगाह के 814 वें उर्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चादर पेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अजमेर शरीफ़ दरगाह के 814वें उर्स पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से भेजी गई चादर विधिवत रूप से अजमेर शरीफ़ दरगाह में अकीदत व एहतराम के साथ पेश की गई। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस विधायक दल के नेता टीकाराम जूली, विधायक रफ़ीक़ ख़ान, विधायक विकास चौधरी, विधायक अमीन क़ाग़ज़ी, विधायक ज़ाकिर ग़ैसावत, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन एम.डी. चोपदार, धर्मेंद्र राठौर, पूर्व मंत्री नसीम अख़्तर, राजकुमार



जयपाल, पूर्व चेयरमैन आबिद क़ाग़ज़ी, अमीन पठान सहित कांग्रेस के हज़ारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चादर पेश करने के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से भेजा गया संदेश दरगाह परिसर में पढ़कर सुनाया गया तथा देश में अमन, शांति, भाईचारे और आपसी सद्भाव के लिए विशेष दुआ की गई। धौलपुर जिले से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग शबनम खान, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस राजस्थान के प्रभारी (सीकर व नीमकाथाना) सुलेमान फ़ारूक़ी, मुन्ना ख़ान अब्बासी, राशिद ख़ान, इमरान ख़ान, ज़ाकिर ख़ान, ख़ालिद ख़ान तथा बाड़ी से साबिर ख़ान, शबाना ख़ान, साजिद ख़ान, मुस्लिम ख़ान, सलीम ख़ान, चमन पारा, मोइन करौली, रज्जाक ख़ान, साजिद क़ुरैशी सहित धौलपुर जिले के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर धौलपुर जिले के जनप्रतिनिधियों राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा , बसेड़ी विधायक संजय जाटव , धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाह, बाड़ी विधानसभा से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी प्रशांत परमार की जनसेवा, सामाजिक सौहार्द और क्षेत्रीय विकास में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि इनके नेतृत्व में क्षेत्र में भाईचारा, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को नई मजबूती मिलेगी। यह आयोजन कांग्रेस पार्टी की गंगा-जमुनी तहज़ीब, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाता है।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई



राजलदेसर।


तारानगर।



रतनगढ़।


सरदारशहर।



सुजानगढ़


अलवर।


धौलपुर।


लक्ष्मणगढ़।


खेतड़ी।

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर।** नगर पालिका परिसर पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर अधिशाषी अधिकारी कुन्दन दैथा के आदेशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर पालिका कर्मियों ने पालिका सभागार में अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। फायरमैन अर्जुन सिंह ने सभी कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पालिका के फायरमैन अर्जुन सिंह, हुकुम सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजीनियर, वेद प्रकाश गोविंद, महिपाल, हरीशंकर, राजकुमार, महेन्द्र कुमार भार्गव, पायल नाई, भागीरथ, सुनील, सुशील, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

**तारानगर।** तारानगर के चौधरी गेस्ट हाउस भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती मनाई गयी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व शहर अध्यक्ष अनूपखंडेलवाल ने वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर पूनियाँ, जमरदीन तेली, हरी इंदौरिया, अजीत सिँह राठौड़, लीलाधर बागोरिया, तिलोक रेगर, राजेंद्र जोइया, सुदर्शन सबलानिया, कैलाश चाचान, वीर बहादुर सिँह राठौड़, विनोद कस्वां, चुन्नीलाल सैनी, रणजीतसिँह, मनोहर, समीर, पंकज जांगिड़, भंवरलाल पूनियाँ, मदन नायक, सुनील भाकर सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रतनगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर तथा BLA 2 की कार्यशाला स्थानीय भाजपा कार्यालय में गुरुवार को आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पित कर वाजपेयी को याद किया।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने रतनगढ़ शहर मण्डल के BLA 2 को SIR से संबंधित दिशा-निर्देश दिये तथा कहा वाजपेयी राजनीति के अजातशत्रु थे उनको पार्टी के अलावा दूसरे दल के नेता भी उनका पूरा मान सम्मान करते थे। वरिष्ठ भाजपा नेता बजरंग गूर्जर ने भी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को भाजपा नेता दीनदयाल पारीक, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष मनोज हरित, हनुमान सिंह, हनीफ खत्री, देवी सिंह, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शहर मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, सुभाष भूण, मंडल मंत्री हेमंत पंवार, सलीम खान, महेश सेवदा, जीवन भाटी, पृथ्वी सिंह, झूमरमल भार्गव, निरंजन नाईं, बजरंग लाल लुहानिवाल, हिरालाल प्रजापत, दीपचंद प्रजापत, संदीप रांकावत, भंवर लाल टेलर, सुरेंद्र सिंह, निरंजन गौड़, मांगीलाल माहिच, सुनील कम्मा, लालचंद सैनी, संतोष शर्मा, बालकृष्ण पारीक, दीपचंद कठौड, दुर्गादत्त गोयनका, ललित शर्मा, गौरीशंकर प्रजापत, राकेश ठठेरा, धनराज सैनी, बलवीर स्वामी, अनिता महर्षि सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्त्ताओं और बीएलए 2 की कार्यशाला का आयोजन शहर के शनि मंदिर गेस्ट हॉउस में किया गया। कार्यशाला की शुरुआत देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि देकर की गई। कार्यशाला में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, हनुमानगढ़ सहप्रभारी जितेन्द्र शर्मा, जिला मंत्री श्यामलाल पारीक, जिला प्रवक्ता दिनेश सोनगरा, पूर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित, मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौड़, मुकेश भामा, दीपक शर्मा, डालाराम महिया, ओमप्रकाश नायक, अश्विनी मकवाना आदि मंचस्थ रहें। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसके लिए पार्टी बाद में और राष्ट्र पहले है। देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई इबारत और कहानी लिख रहा है। साथ पूर्व मंत्री रिणवां ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए उनके महान व्यक्तित्व से जुड़ी बातें बताई। भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते विधानसभा सभा के बीएलए 2 को एसआईआर से संबंधित दिशा-निर्देश दिये और कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ताओं की पार्टी है। यहाँ कार्यकर्त्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित नें कार्यशाला में पधारे बीएलए 2 और पार्टी कार्यकर्त्ताओं का कार्यशाला में शामिल होने पर आभार जताया। कार्यशाला में विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों के अध्यक्ष, मंत्री, बीएलए 2, संगठन के पदाधिकारियों सहित अनेक भाजपा के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

**सुजानगढ़** भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी वाजपेयी की 101 वीं जन्मजयंती मण्डल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में मनाई गई। उपस्थिति कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी के जीवन पर प्रकाश डाला और अपने विचार कार्यकर्ताओं के बीच व्यक्त किए। मण्डल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने धन्यवाद भाषण के साथ करोड़ों कार्यकर्ताओ के प्रेरणा पूँज वाजपेयी के राजनैतिक जीवन पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंडल मंत्री यशोदा प्रजापत, पार्षद दीनदयाल पारीक, रेवंत पवार, हरिओम खोड़, प्रेम स्वामी, नरेंद्र होदकासिया, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, कमल दाधीच, कृष्ण कुमार प्रजापत, श्रवणसिंह राठौड़, ललित गुर्जर, पवन बिनावरा, हर्ष बिनावरा, करण, सुमित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल रूप से जुडकर सुशासन की शपथ दिलाई। इस दौरान राजकीय कार्यालयों एवं उपक्रमों में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा सुशासन की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली जुडकर सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रृद्धासुमन अर्पित कर सबको सुशासन दिवस की बधाई दी तथा सुशासन की शपथ दिलाकर उन्होंने कहा कि सुशासन हमेशा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। हमारे यहां सुशासन को राम राज्य कहा गया है। उन्होंने कहा कि राम राज्य के आदर्शों पर चलते हुए स्व. वाजपेयी ने शासन को सुशासन और स्वराज को सुराज में बदला। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों के विकास और स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के जरिए देश के आर्थिक विकास को गति दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन' के मंत्र को साकार करने के लिए हम सभी को निष्ठा और समर्पण से प्रयास करने चाहिए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से जनसेवा, नवाचार और जवाबदेहिता की कार्य-संस्कृति को आत्मसात करते हुए राजस्थान को गुड गवर्नेन्स में रोल मॉडल बनाने का आह्वान किया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया गया, जिसके तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। साथ ही सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजन ने बढचढकर भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई।

**धौलपुर।** जिले के बाड़ी शहर मंडल पर मंडल अध्यक्ष बंदना शिवहरे के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ताओ ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी 101 वी जयंती मनाई। जिसमे जिले से पधारे जिला महामंत्री व मुख्य वक्ता अनिल गोयल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अनिल गोयल ने अटल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि अटल जी एक महान नेता, कवि, राजनेता थे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए राष्ट्रहित में अनेक निर्णय जैसे- पोकरण मे परमाणु परीक्षण, ग्राम सड़क योजना आदि लिए। कार्यक्रम के अंत में धनंजय शर्मा ने सभी को धन्यबाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर धनंजय शर्मा, नरेश यादव, रामकुमार कुशवाह,श्री निवास मित्तल, सतीश प्रजापति,अनिता सिंघल, हिमांशु गर्ग, प्रदीप भारद्वाज, नितिन शर्मा, पुन्नी परमार, , गोविंद मित्तल, नाजिया खान, मनोज कोली,बनवारी प्रजापति सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**लक्ष्मणगढ़।** संवाद सेतु संस्था की ओर से भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मदनलाल श्याम सुंदर गोयनका आदर्श विद्या मंदिर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों की ओजपूर्ण व भावात्मक रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।संवाद सेतु के संस्थापक अध्यक्ष कवि सुरेश बांगड़ 'सनातनी' ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेई के स्मरण में श्रीकृष्णा माधुर्य लहरी के पाठ से किया गया। इसके बाद मंच पर कवियों ने देश, संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं।कवि सम्मेलन में राजेन्द्र राज, सुरेन्द्र आनंद गढ़वाल, पवन पारस, शांति लाल सोनी व रामचन्द्र नारनौलिया ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर कवि राजेन्द्र राज का विशेष सम्मान भी किया गया। कवियों की प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने तालियों से उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में सीकर से दिलीप शेखावत, मोतीलाल पारीक एडवोकेट, शिक्षाविद भंवरलाल शर्मा, केशर देव, रतन सिंह बागड़ी, राजेश जोशी, गिरधारी जाजोदिया, मुरारी लाल महर्षि, अशोक पालड़ी वाले, संजय शर्मा खूड़ी, द्वारका प्रसाद, चेतन गोस्वामी, पुष्पेंद्र सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

**खेतड़ी।** सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की ईकाई खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स के प्रशासन भवन परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख घनश्याम दास गुप्ता ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर इकाई प्रमुख ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन सुशासन, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बिना भय और पक्षपात के कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं के समयबद्ध समाधान पर बल दिया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलवाई गई और सुशासन दिवस का उद्देश्य जो कि भारतीय नागरिकों को सरकारी जवाबदेही के बारे मे जागरूक करना तथा पारदर्शी, जवाबदेह या कुशल और समावेशी तरीके से कार्य करने के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम में पी.डी. बोहरा, संजय शिवदर्शी, मनीष गवई, आनंद कुमार पांडे, विपिन शर्मा, मुन्ना लाल जैदिया, संजय पटनकर, हसरत हुसैन, रमेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सुशासन की शपथ ली।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स

**अलवर।** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन के प्रथम सत्र में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक अभ्यास और व्यायाम कराये गए। सुशासन दिवस के अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा सुशासन शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य एवं उपस्थित स्टाफ ने सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के मूल्यों पर प्रकाश डाला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेक कमाई संस्था से दौलत राम हजरती (संरक्षक), धर्मेन्द्र अदलक्खा, अविनाश मल्होत्रा और रेखा महलावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ. सत्यभान यादव ने की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में



कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज के प्रति संवेदनशील रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए स्वच्छता अभियान, श्रमदान, वृक्षारोपण, जागरूकता रैली एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय तंवर द्वारा शिविर की विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शिविर की सभी गतिविधियों, सहभागिता एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए। समापन समारोह में सात दिनों की झलकियों को एक वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। शिविर के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में अक्षत चुग, सौरभ प्रजापत और मयंक कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रेणुका, पूनम गोस्वामी, डॉ. अजय तंवर अन्य स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## बदमाशों ने बंदूक की नोक पर स्कूल से युवक का किया अपहरण, अधमरा कर चौराहे पर छोड़ भागे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** प्रदेश के अंता इलाके में गाड़ी में सवारअज्ञात बदमाशों ने स्कूल में अपनी जान बचाने के प्रयास में छुपे युवक का पिस्तौल की नोक पर अपहरण कर लिया और फिर उसके साथ जोरदार मारपीट करके बतार्वाड़ा चौराहे पर गाड़ी से नीचे पटक कर फरार हो गए बदमाशों की पिटाई से बुरी तरह से घायल हुए युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है पुलिस का कहना है की पुरानी रंजिश की वजह से बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा इस मामले में घायल युवक और उसके परिजनों से भी पुलिस आवश्यक पूछताछ करके फरार बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार अंत इलाके में गाड़ी में सवार बदमाश पीड़ित युवक का पीछा कर रहे थे पीड़ित युवक भागते हुए उस स्कूल में पहुंच गया जहां उसकी पत्नी पढ़ाया करती थी लेकिन बदमाश इस स्कूल में भी पीछा करते हुए आ गए और उन्होंने क्लास रूम में छुपा कर बैठे युवक को पिस्तौल दिखाकर डराया धमकाया और उसके साथ मारपीट करके उसे जबरन अपनी गाड़ी में बिठा लिया इसके बाद गाड़ी में ही बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट की और फिर बतार्वाड़ा चौराहे पर युवक को गाड़ी से नीचे पटक कर फरार हो गए द्य पुलिस का कहना है कि फिलहाल घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है युवक के स्वस्थ होने के बाद उसे आवश्यक पूछताछ की जाएगी पुलिस को कहना है कि कहीं ना कहीं पुरानी रंजिश की वजह से इस वारदात को अंजाम दिया गया है इसके अलावा पुलिस इलाके में मौजूद सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी बदमाशों की गाड़ी को चिन्हित करने का प्रयास करके बदमाशों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है वैसे पुलिस का कहना है कि यह मामला पूरी तरह से ओपन है और जैसे ही घायल युवक और उसके परिजनों की ओर से इस घटना के बारे में जो बयान दिए जाएंगे उन बयानों के आधार पर पुलिस की जांच सही दिशा की ओर आगे बढ़ेगी और जल्दी ही अपहरण करने वाले बदमाशों तक पुलिस पहुंच जाएगी ।

# धौलपुर में प्रजापति समाज की 117 प्रतिभाएं सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रजापति विकास सेवा संस्थान धौलपुर,के तत्वाधान में हिना मैरिज गार्डन धौलपुर में प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह का मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक व अध्यक्ष रामेश्वर ठेकेदार दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अतिथियों का माला साफा पहनाकर व धौलपुर दर्शनीय स्थल तस्वीर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बदन लाल प्रजापति ने किया। रमाकांत प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम में 10वीं,12वीं,स्नातक, स्नाकोत्तर के 117 प्रतिभाएं सम्मानित हुई। जिनमें 7 नवनियुक्त कार्मिक संगीता प्रजापति, नितिन प्रजापति, जीतेन्द्र प्रजापति, अवधेश प्रजापति, पवन प्रजापत, लोकेश प्रजापति को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व बैग देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र लामा, छीतर लाल प्रजापति संयोजक, गंगाराम प्रजापत सचिव, धौलपुर भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, लखन लाल ठेकेदार,भरोसी पटेल, कमलेश , अमरसिंह सलावद, रमेश प्रजापत अध्यापक,कमलेश प्रजापति, दिनेश कुमार, शिवा प्रजापत, हेमेंद्र प्रजापति, सीएल वर्मा, ओमकरण टीकराम, चंद्रभान, रामजीलाल, मांगीलाल, जयसिंह वर्मा आदि ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि प्रहलाद राय टाक अध्यक्ष माटी कला बोर्ड ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। प्रतिभाएं अपना लक्ष्य निश्चित कर कठोर परिश्रम से सफलता अर्जित करे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे करौली दक्ष प्रजापति विकास संस्थान के संरक्षक रामेश्वर ठेकेदार ने युवाओं को हर क्षेत्र में कदम बढ़ाने का आह्वान किया। प्रतिभाएं अपना हौसला बुलंद रखे। समाज की एकता और अन्य समाजों से सामंजस्य रखते हुए राजनीति चुनावों में प्रत्याशी अवश्य बने। धौलपुर में प्रजापति समाज के छात्रावास निर्माण के लिए भामाशाह जगमोहन बंडौलिया ने एक लाख इक्कीस हजार रुपए की नकदआर्थिक मदद दी। इस दौरान महेश चंद प्रजापति अध्यक्ष, मुकेश कुमार,बदन सिंह, रमाकांत, सुआलाल प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अटलजी को अर्पित की श्रद्धाजंलि, निकाली जन- जागरूकता रैली



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती नगरपालिका कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नपा प्रशासक व उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार ललित कुमार डीडवानिया, अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, सहायक अभियंता ललित मेवाड़ा, समाजसेवी शिव चंद्रवाल, मनोज गोधा, नगर पालिका कार्मिक व आमजन मौजूद रहे। विद्यार्थियों की ओर से कस्बे में जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पौधरोपण व प्लास्टिक के उपयोग को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने नगर पालिका में आने वाले प्रत्येक आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक व त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सड़क चौड़ाईकरण कार्य में बाधा बन रहे डीपी खंभों को स्थानांतरित करने के लिए एवीवीएनएल के सहायक अभियंता की ओर से नवीन तकमीना प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया।

## अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही, पांच आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस के पर्यवेक्षण में व वृताधिकारी वृत शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में सदर थानाधिकारी महेश मीना उप निरीक्षक के नेतृत्व में थाना सदर धौलपुर पुलिस ने पांच अलग-अलग स्थानों पर टीम गठित कर टीमों की ओर से अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अगल-अलग स्थानों से इन्द्रजीत पुत्र फूलसिंह कुशवाह उम्र 56 साल निवासी ओदी का पुरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर, पवन पुत्र राकेश कुशवाह उम्र 27 साल निवासी गांव ओदी का पुरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर, शिवनंदन शर्मा उर्फ शिवा पुत्र देवकीनंदन ब्राह्मण उम्र 23 साल निवासी अल्हैपुरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर, रामभरोसी पुत्र नेतराम कुशवाह उम्र 62 साल निवासी झीलका पुरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर व आकाश पुत्र निहाल सिंह कुशवाह उम्र 24 साल निवासी रामनगर थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया जाकर उक्त मुल्जिमों के कब्जे से अवैध देशी शराब के 246 पव्वा को जप्त कर प्रकरण धारा आबाकारी अधिनियम में दर्ज किए गए है।

## पुलिसकर्मियों ने कार्यालयों व थानों पर ली शपथ



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर सुशासन दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने सुशासन की शपथ ली। सुबह कार्यालय पुलिस अधीक्षक धौलपुर के प्रांगण में उप पुलिस अधीक्षक रामधन की ओर से कार्यालयीन स्टाफ को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सुशासन के उच्चतम मापदंडों के अनुरूप अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही जिले के सभी थानों में पुलिस अधिकारियों व जवानों ने सुशासन की शपथ ली। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि सुशासन का मूल उद्देश्य जनता को समयबद्ध, निष्पक्ष और संवेदनशील सेवाएं उपलब्ध कराना है। आज सभी कर्मचारियों से कार्यसंस्कृति में अनुशासन, जवाबदेही और सेवा भाव को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया। जिले में सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने सुशासन के सिद्धांतों को अपने कार्य में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## एसएमएस के माध्यम से प्रारूप मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा उपलब्ध

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रारूप मतदाता सूची में नाम खोजने के लिए एसएमएस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से कोई भी मतदाता मोबाइल फोन के जरिए अपने नाम की स्थिति आसानी से जान सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मतदाता को अपने मोबाइल से 1950 पर एसएमएस भेजना होगा।

## जिले में 15 जनवरी तक चलेगा टीबी मरीजो को ढूंढने का सक्रिय खोज अभियान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में गुरुवार से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोगियो की स्क्रीनिंग के लिए एक्टिव केस फाइन्डिग अभियान शुरू किया गया है। सीएमएचओ डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर घर जाकर टीबी रोगियो की स्क्रीनिंग की जाएगी, इसके लिए ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन मे सभी चिकित्सा अधिकारियो प्रभारियो से अपने अपने संस्थान की संवेदनशील जगहो को चिन्हित कर, का सर्वे कर टीबी संभावित क्षेत्रा को कवर किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डा गोविंद सिंह मीणा ने बताया कि टीबी रोगी को नियमित दवा के साथ पोषण का भी ध्यान रखना चाहिए जिसके लिए सरकार की तरफ से निक्षय पोषण योजना के तहत 1000 रूपये प्रतिमाह टीबी मरीजो को उनके खाते मे दिए जाते है, जिससे दवा के साथ मरीजो को अच्छा पोषण मिल सके। टीबी मरीजो की खोज करने वाली आशाओ व टीम को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.मीणा ने बताया गया कि सर्वे के दौरान जिस घर मे किसी को भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी, नियमित बुखार, वजन कम होना, भूख मे कमी, बलगम मे खून व शाम के समय पसीना आदि लक्षण टीबी रोगी हो सकता है। ऐसे लोग के पहचान की जावेगी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे उसके बलगम की जांच एक्सरे व सीबीनॉट जांच की जाएगी। रोग की पुष्टि होने पर उसका निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

### चिकित्सा संस्थानों पर ली सुशासन दिवस पर शपथ :

भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को जिले भर के चिकित्सा संस्थानों पर चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सुशासन शपथ दिलवाई गई। सीएमएचओ डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने व सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य यह है कि आमजन के कार्यों को संवेदनशील तरीके से किया जा सके।साथ ही चिकित्सा संस्थानों पर चिकित्सकों का आमजन और मरीजों के प्रति व्यवहार सदैव सद्भावपूर्ण व और अधिक जिम्मेदार बनाया सके।

## सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर आभूषण व नगदी लूटने मामले में 8 माह से फरार आरोपी महिला गिरफ्तार

### 60 ग्राम सोने के आभूषण बरामद



जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस)।** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चंद्र विश्नोई आईपीएस व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार आरपीएस व महेन्द्र मीणा आरपीएस वृताधिकारी वृत बाड़ी के निकटतम सुपरविजन में व देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़ी जिला धौलपुर के नेतृत्व में पुलिस थाना बाड़ी जिला धौलपुर की ओर से थाने के मुकदमा धारा बीएनएस में फरार आरोपी महिला लच्छो देवी की तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित की गई। घटना 28 अप्रैल 2025 को शाम करीब 7-30 बजे सर्राफा व्यापारी अनिल बंसल पुत्र राधेश्याम बंसल वैश्य उम्र 50 साल निवासी रेलवे स्टेशन रोड़ बाड़ी थाना बाड़ी अपनी दुकान लुहार बाजार बाड़ी से बंद करके दुकान से ग्राहकों का व दुकान का 500-600 ग्राम सोना 4-5 लाख रूपये नगद करीब डेढ किलो चांदी हिसाब के कागज को एक काले रंग के लेदर के बैग में रखकर अपनी मोटरसाइकिल के हैंडल में बैग को टांगकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह वचन टॉकीज के पास फाटक पर करीब 8-10 पीएम पर पहुंचा। तो पहले से दो लड़के जिनकी उम्र करीब 28-30 साल की थी। जिनमें से एक लड़के के पास कट्टा था। जिसने कट्टे का बट सर्राफा व्यापारी के सिर में मारा। जिससे सर्राफा व्यापारी की बाइक गिर गयी। उक्त मुल्जिमों की ओर से सर्राफा व्यापारी को कट्टे से गोली मारी। जो दाहिने पैर की जांघ में लगी। तत्पश्चात सर्राफा व्यापारी के सोने चांदी व रूपयों के बैग को लूटकर ले गए। जो रेलवे लाइन पटरी से बसेड़ी की तरफ भाग गये। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज किया गया था। आरोपी महिला की ओर से उक्त मामले में लूटे गए सोने के आभूषणों को अपने पास छुपा कर रखा था। आरोपी महिला को निधारा गांव के पास कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहें अत्याचार को लेकर चिंता जताई




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहें अत्याचार को लेकर विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने चिंता जताई। कहा कि हम कब तक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को सहन करते रहेंगे। भारत सरकार को जल्द से जल्द कोई कठोर फैसला लेना चाहिए। बांग्लादेश के खिलाफ छोटी-छोटी बच्चियों के साथ रेप करते है और फिर बच्चियों को मार देते हैं, बीच चौराहे पर कट्टरपंथी मुसलमानों ने अल्लाह हू अकबर के नारे लगाते हुए हजारों की संख्या में दीपू चंद्र दास को पहले पीटा और फिर जिंदा जला दिया गया, क्या बांग्लादेश में हिंदू होना पाप है। राम शर्मा ने बताया हिंदुओं को संगठित रहना चाहिए, जहाँ अधिक संख्या में मुसलमान रहते हैं, हिंदुओं के साथ में ऐसा ही होता है, चाहे पाकिस्तान हो चाहे बांग्लादेश हो चाहे कश्मीर हो हिंदू कब तक जुलम सहते रहेंगे। भारत सरकार से हम सभी हिंदू यही मांग करते हैं। भारत सरकार को कठोर से कठोर फैसला लेन होगा। ऐसा दिन नहीं जाता उसे दिन हिंदुओं पर जुल्म नहीं होता और ऐसे कट्टरपंथी मुसलमान को भारत से भी बाहरकर देना चाहिए, कई बहन बेटियों के पहले रेप हुए उसके बाद में कहीं फ्रिज में काट के रख दिया गया। कहीं फेंक दिया गया और आज तक ऐसे लोगों को फांसी नहीं हुई कुछ दिन तक न्यूज पर चलती है, उसके बाद में कुछ नहीं होता। ऐसा न होने पर उनके हौसला और मजबूत हो जाते हैं। बस हम अपने संगठन की तरफ से सभी हिंदू भाइयों की तरफ से इतना ही कहेंगे भारत सरकार को इस विषय पर भी चिंतन करना चाहिए। गहराइयों के साथ सोचना चाहिए। इस अवसर पर विहिप विभाग मंत्री नरेंद्र त्यागी, जिला मंत्री गिरीश वैध, जिला सह मंत्री मनोज सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र पराशर, हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक अंजनी पाराशर, बजरंग दल जिला संयोजक चंद्रप्रताप धाकरे, जिला सह सयोंजक नरेश कुमार, धारा सिंह पचौरी, महेश भटेले, कैप्टन बनवारी सिंह, बनवारी शिवहरे, रामदास शिवहरे, नरेश बाल्मीकि, भूरा पहलवान, सीनू गुर्जर, विजेंद्र रविन्द्र दीपक विकास रामनरेश राजू पुता आदि सैकड़ों हिन्दू भाई सम्मलित हुए।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन सिध्दांतों को स्मरण कर मनाया सुशासन दिवस

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रातः शासन सचिवालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन की शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री शर्मा ने वाजपेयी जी को नमन करते हुए कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन की अनुकरणीय मिसालें प्रस्तुत कीं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों ने देश के विकास को नई दिशा और गति प्रदान की। अटल जी का सुशासन मॉडल आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ व सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी आदि ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की और सुशासन शपथ दिलवाई गई। जिला कलक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने व सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में पिछले हफ्ते से सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य यह है कि आमजन के कार्यों का निष्पादन अधिक सरल, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से किया जा सके। साथ ही नागरिकों के प्रति प्रशासनिक व्यवहार सदैव सद्भावपूर्ण एवं जिम्मेदार होना चाहिए। इस अवसर पर सहायक निदेशक सूचना व जनसंपर्क राजकुमार मीणा, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, सीबीईओ महेश मंगल, डीईओ सुक्खो देवी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों की पालना को जीवन में आदत बनाएं: गौरव यादव

### गुलाब बाग पर वाहन चालकों को फूल देकर की समझाइश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से मनाई जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने गुलाब बाग चौराहे पर वाहन चालकों के साथ समझाइश अभियान चलाया। परिवहन अधिकारी ने दुपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर उनसे हेलमेट पहनना की अपील की तथा चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने का आग्रह किया। परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि यातायात नियमों की पालना से आप अपने जीवन को सुरक्षा प्रदान करते हैं। हमारा देश सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है इसके लिए विभाग की ओर से प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाता है यदि आप चालान के भय मात्र से यातायात नियमों की पालना करते हैं तो आप अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने बच्चों को अभी से यातायात नियमों को लेकर सजग करेंगे तो आने वाले समय में वे एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। इस अवसर पर उनकी ओर से वाहन चालकों को यातायात नियमों संबंधित ब्राउजर वितरित किए गए। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा, जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह सहित यातायात पुलिस कर्मियों ने अभियान में भागीदारी निभाई। 15 दिन में जागरूकता राज चल 3167 किलोमीटर जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से यातायात नियमों की पालना को लेकर गांव गांव ढाणी ढाणी सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ चलाया गया था। परिवहन निरीक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि 15 दिन में जागरूकता रथ से बाड़ी,बसेड़ी, सरमथुरा, मनियां, राजाखेड़ा, बसई नवाब, सैपऊ, दिहौली, के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों के बीच समझाइश की है। यह अब तक का सबसे बड़ा जागरूकता आयोजन रहा है।

## पानी की तलाई में फिसलने से युवक की मौत



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** मारोठ थाना क्षेत्र के दलेलपुरा रेवासा तलाई के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजूराम पुत्र मालूराम मेघवाल निवासी दलेलपुरा सुबह शौच के लिए घर से निकला था। इसी दौरान रेवासा तलाई से पानी की बोतल भरते समय उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मारोठ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मारोठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि मृतक राजूराम आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से था। वह दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। परिवार की स्थिति पहले से ही कमजोर थी, वहीं मृतक की मां दिव्यांग है, ऐसे में इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतक के पिता मालाराम ने मारोठ थाने में मर्ग दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## डोंगरपुर बाबू महराज मन्दिर में चोरी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विधानसभा के क्षेत्र डोंगरपुर स्थित लोक देवता आराध्य देव बाबू महाराज के मंदिर से कई घण्टे चोर रात्रि में चोरी कर ले गए हैं। लोक देवता आराध्य देव बाबू महाराज के महंत रमेश चंद्र सक्सेना ने बताया कि बाबू महाराज के मंदिर से पूजा अर्चना कर रात्रि 8 बजे घर पर चले गए थे। सर्दी का मौसम में रात्रि को पता नहीं कब चोर मंदिर से कई घण्टे चुरा ले गए जिसकी अनुमानित कीमत 150000 रुपए है। सुबह मन्दिर पर दर्शन करने के लिए जब भक्त गए तो मंदिर पर एक भी घंटा दिखाई नहीं दिया। तो ग्रामीणों में रोष जताया और घंटों को की आस पास ढूंढ़ा लेकिन घण्टे कही नहीं मिले। भक्तों ने पुजारी रमेश चंद्र सक्सेना के साथ धौलपुर सदर थाना प्रभारी से मिलकर एफ.आई.आर. दर्ज करा कर चोरों को पकड़ने की गुजारिश की गई है। सदर थाना प्रभारी ने चोरों को पकड़ने और मंदिर के घंटों की बरामदगी का आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही चोरों को पकड़ने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली - बहरोड़)**

नवोदय स्कुल के पास पावटा-303106, राज0

फोन. 01421-294619 Email.Id- Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com

क्रमांक :न.पा.पाव.प्रा./2025-26 / भूमिं / 1069 दिनांक 24/12/23

**आपत्ती आमंत्रण सूचना**

निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 69-क / स्टेट ग्रांट / कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ती हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

| क्र.सं | आवेदक का नाम व पता | खसरा संख्या | राजस्व ग्राम | क्षेत्रफल (वर्गगज / वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अमर नाथ नागर पुत्र श्री गौरी शंकर नागर | 1779 | पावटा | 21.50 | मिश्रित |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा

# आयुष आधारित चिकित्सा पद्धति भारत की प्राचीन व समृद्ध परंपरा का हिस्सा : राठौड़

## संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में गुरुवार को आयुर्वेद विभाग की ओर से संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का शुभारम्भ किया गया। मेले का उद्घाटन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने आयुष उत्पादों तथा औषधीय उत्पादों की स्टालों का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि आयुष आधारित चिकित्सा पद्धति भारत की प्राचीन एवं समृद्ध परंपरा का हिस्सा है, जो आज भी आमजन के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। भारत की आयुष पद्धतियां हजारों वर्षों की वैज्ञानिक व सांस्कृतिक विरासत का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि आज जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में आयुर्वेद, योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आरोग्य मेले आमजन को प्राकृतिक चिकित्सा, संतुलित जीवन शैली व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। आमजन को प्राकृतिक व पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा अपनाकर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। आरोग्य मेला आमजन को कम लागत में प्रभावी एवं सुरक्षित उपचार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आयुष पद्धतियां न केवल रोगों के उपचार में सहायक हैं, बल्कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे स्वस्थ जीवन के लिए योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। पूर्व उपनिदेशक वैद्य रामावतार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, योग प्रदर्शन, औषधीय पौधों की जानकारी, आयुष चिकित्सा पद्धतियों पर विशेषज्ञों की ओर से मार्गदर्शन व विभिन्न औषधीय उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही आमजन को रोगों की रोकथाम व संतुलित जीवन शैली से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है। सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मेले में स्वास्थ्य जांच, परामर्श, योग प्रदर्शन, औषधीय पौधों की जानकारी व आयुष उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की गई। इस दौरान निवर्तमान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, वासुदेव चावला, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र शर्मा सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिंचाई पानी की मांग को लेकर आईजीएनपी कार्यालय पर किसानों ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सिंचाई के पानी की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र के कैलाश माइनर से जुड़े किसानों ने आईजीएनपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने नहर विभाग अधिकारियों का घेराव कर सरकार व नहर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि ज़ब हम पानी की मांग करते है तो विभाग के अधिकारी हम पर मुकदमा लगाने की धमकी देते है व गरीब किसानों के पाईप तक काट देते है। किसानों ने अधीक्षण अभियंता राजेश वर्मा व अधिशाषी अभियंता आनंदसिह शेखावत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सिंचाई पानी देने की मांग की। इस मौके पर सुखवासी, चंगोई, किरसाली, पंडरेउ, भलाऊ आदि गाँवों के किसानों ने पानी की मांग की जिसमें कैप्टन राम कुमार कस्वां, चंदगीराम बाबल, मंगल शर्मा, नरेश राठौड़, लाल सिँह राठौड़, करतार सिह राठौड़, बलवीर मेघवाल, रामकुमार नाई, गिरधारी मेघवाल, दुलाराम मेघवाल, लीलाधर शर्मा, भवानी सिँह राठौड़, भंवरलाल शर्मा, गुलजारी लाल शर्मा, मेहर चंद महिया, मोमन डूडी, मोहन लाल मीणा, महेन्द्र राठौड़, रतन लाल महिया, सुरेन्द्र जाखड़, प्रभुदयाल, भूपसिँह नूईयां, रोहिताश नाई, मांगीलाल महिया, हड़मान, मुकेश चौहान सहित काफी किसान मौजूद रहे।

## आईटी व आईटीईएस ट्रेड की छात्राओं ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पीएमश्री धापूदेवी चोरड़िया राजकीय बालिका विद्यालय की व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत आईटी व आईटीईएस ट्रेड की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सुजानगढ़ ले जाया गया। भ्रमण दल को संस्थान के प्राचार्य अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचने पर छात्राओं को संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वहां संचालित विभिन्न ट्रेड्स व प्रशिक्षण व्यवस्थाओं से छात्राओं को अवगत कराया गया, जिससे उन्हें व्यावसायिक शिक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। इस औद्योगिक भ्रमण में विद्यालय के अमित कुमार दर्जी, आनंद साहू, बबीता अग्रवाल, केसरी चंद प्रजापत सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। भ्रमण से छात्राओं में व्यावसायिक शिक्षा के प्रति रुचि व जागरूकता बढ़ी।

## जन समस्याओं का निस्तारण ही मेरी प्राथमिकता :महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान महर्षि ने कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण सहजता व सुलभता के साथ होना चाहिए। प्रदेश की भाजपा सरकार के 2 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुके है। सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। जनसुनवाई में आने वाले मुद्दे का पूर्णतया समाधान हो रहा है। जनसुनवाई में नई सड़क बनवाने, सड़क मरम्मत करवाने, शहर की सिवरेज लाइन कनेक्शन, जल कनेक्शन करवाने, जल आपूर्ति सुचारू करवाने, शिक्षा, चिकित्सा सहित अनेक विषयों पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए।

## सुशासन दिवस पर विकास रथ का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री की ओर से निर्देशित राजस्थान सरकार की योजनाओं की जानकारी वाले रथ का गुरुवार को नगरपालिका रतनगढ़ प्रांगण में स्वागत व समापन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कहा कि सरकार की दो वर्ष की स्वर्णिम उपलब्धियां घर घर तक पहुंचे। आमजन योजनाओं के प्रचार प्रसार से ओर अधिक लाभान्वित हो, इस उद्देश्य को लेकर विकास रथ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तक जा कर रतनगढ़ शहर पहुचा है। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ सहदेव चारण ने किया। कार्यक्रम के दौरान लोक सेवकों को शपथ दिलायी व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पुष्प माला व पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह, अधिशाषी अधिकारी डॉ सहदेव चारण, पार्षद अनिता महर्षि, शम्भूदयाल लाटा प्रहलाद राय भार्गव, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, शहर मंडल मंत्री हेमंत पवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वरूप सिंह, सुरेश घारू, फायरमैन संजय बारी व शहर के वार्डों के लोग उपस्थित रहे।

## नेकी की दिवार का शुभारंभ, नेकी कर दरिया में डाल का दिया संदेश

### आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन व विप्र फाउंडेशन की सराहनीय पहल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में गुरुवार को आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन व विप्र फाउंडेशन की ओर से एक सराहनीय पहल करते हुए नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया। नेकी की दीवार पर सर्दी के बचाव के लिए जरूरतमंदों का सहयोग करने के लिए दोनों संगठनों की ओर से एक सराहनीय पहल की गई है। नेकी की दीवार पर नेकी कर दरिया में डाल का एक अनूठा संदेश दिया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक अच्छा प्रयास दोनों संगठनों की ओर से किया गया है। अगर आपके पास घर पर कपड़े बिना जरुरत के पड़े हैं तो आप नेकी की दीवार पर रख कर जा सकते हैं। जिससे जो भी जरूरतमंद है वह नेकी की दीवार से कपड़े लेकर जा सकता है। इस तरह का अनूठा कार्य दोनों संगठनों की ओर से किया गया जिसकी क्षेत्र में लोगों की ओर से प्रशंसा की गई। इस अवसर पर समाजसेवी मधुसूदन राजपुरोहित ने विप फाउंडेशन व पत्रकार संगठन के नेकी के दीवार के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह जरूरतमंदों की मदद के लिए सराहनीय कार्य दोनों संगठनों की ओर से किया गया जो एक अच्छी पहल को दर्शाता है। सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसा कार्य सभी को करना चाहिए। नेकी की दीवार पर जिसके पास बिना जरुरत के कपड़े पड़े हैं। वह यहां पर छोड़ सकता है और जिसको जरूरत हो वह यहां से ले सकता है। ऐसी पहल एक अच्छी व सराहनीय पहल है। इस मौके पर फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा, पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष मुरली बोचीवाल, तहसील अध्यक्ष पवन शर्मा, सुरेश शर्मा, मनीष पांडिया, श्यामसुंदर जोशी, उमा भोजक, डॉ नोरतन शर्मा, प्रेमलता सारस्वत, वैद्य महेंद्र शर्मा, महेंद्र देरासरी, नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, भजनलाल पारीक, कमलकांत शर्मा, राजेंद्र तिवारी साहवा, ललित राजपुरोहित, आनंद देरासरी सहित अनेक गणमान्यजनों व कार्यकर्ताओं ने इस स्थानीय पहल की प्रशंसा करते हुए इस पहल का अधिक से अधिक सहयोग करने का संकल्प लिया।

## एनएसएस विशेष शिविर में दिया पर्यावरण संरक्षण सन्देश




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के भवन परिसर व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के दौरान महाविद्यालय निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक रहकर सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन और समाज के प्रति दायित्व भावना विकसित करने का माध्यम है। पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित विचार साझा करते हुए सहायक आचार्य पुनीत वर्मा ने कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी आज की प्रमुख आवश्यकता है। पौधारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त परिसर जैसे प्रयास तभी सफल होंगे जब युवा स्वयंसेवक उनमें सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। एनएसएस इकाई के अधिकारी राज कुमार सोनी व जगदीश कुमार ने स्वयंसेवकों को शिविर के आगामी दिनों में होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान उप प्राचार्य महबूब अली चौहान, देवीलाल, रजत गौड़, सुरेंद्र कुमार, श्यामसुन्दर, योगेश सोनी, विवेक मिश्रा, गोपाल भाकर, नरेश कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह गुरुवार को पिलानी रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम में समारोह पूर्वक हुआ। भाजपा नेता पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया की अध्यक्षता में होने वाले समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ रहे। इसी दौरान पेरिस पैरालिंपिक 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप सिंह, चूरू विधायक हरलाल सहारण, भादरा विधायक संजीव बैनीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, नोहर के पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, पूर्व प्रधान सुजानगढ़ संतोष मेघवाल व भाजपा नेता नदलाल पूनिया रहे। उन्होंने बताया कि समापन समारोह से पूर्व विधानसभा स्तर पर विजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबले हुए। इस दौरान चूरू विधायक हरपाल शरण ने कहा कि विपक्ष का कम जाती के नाम पर वोट लेते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक सरकारी लाभ पहुंचती हैं। वक्ताओं ने कहा कि खेल महोत्सव द्रोणाचार्य अवॉर्डी अनूप सारण ने पुरानी खेल नीति में बदलाव करने की आवश्यकता जताई। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने देवेंद्र झाझडिया के बचपन से लेकर अब तक की संघर्ष की कहानी को दोहराया तो तालिया बज उठी। राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत नंबर वन होगा। उन्होंने कहा हरियाणा से यमुना समझौते का पानी राजस्थान पहुंचेगा। साल में चार महीने पानी मिलेगा जिसका सबसे बड़ा हब सादुलपुर होगा। देवेंद्र झाझडिया ने सभी आगंतुक का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो का महा कुंभ हो रहा है जिसमें ब्लॉक लेवल ग्रामीण अंचल से प्रतिभा निखरकर आ रही है जो आगे चलकर देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जितने वाले खिलाड़ियों से मिलते है और हारने वाले खिलाड़ियों के आसू भी पूछते हैं। कार्यक्रम में गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के बाद झाझडिया की पत्नी मंजू झाझडिया के साथ सेल्फी व फोटो खिंचवाने के लिए महिलाओं की होड़ मची रही।

## शहर में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार :महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को शहर के वार्ड नंबर 36 में नई सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान वार्डवासियों ने पूर्व विधायक महर्षि व अन्य भाजपा नेताओं का पुष्पहार एवम साफा पहनाकर स्वागत किया। महर्षि ने कहा कि जाति, धर्म व सम्प्रदाय से ऊपर उठकर विकास कार्य करवाए जा रहे है। विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। विकास कार्य करवाने में किसी भी तरह का भेदभाव नही किया जा रहा है। महर्षि ने कहा कि आवागमन का सुगम साधन होना वर्तमान की आवश्यकता है। सड़क निर्माण होने से वार्डवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि शहर के वार्ड नंबर 36 में सीसी सड़क मय नाला निर्माण कार्य परमेश्वर पारीक के घर से गुसाईं मंदिर से मैन रोड़ तक वाया भवंर खाती के घर वाया रामनिवाव इंदौरिया के घर तक सड़क निर्माण कार्य 18.93 लाख रुपये की लागत से शुरू किया गया है। इस अवसर पर सत्यनारायण सोनी, ओमप्रकाश महर्षि, विकाश महर्षि, राजू जोशी, नंदलाल महर्षि, लालचंद स्वामी, भवरलाल सुथार, रतन पारीक, सोनू नाई, विकाश हरितवाल, महाबीर सांखोलिया, मोहन जोशी, रामोतार शर्मा, विकाश जोशी, अशोक, ताराचंद महर्षि, अभिषेक, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता व मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## जाट विकास संस्थान में 615 प्रतिभाओं का सम्मान

### 36 कौम को साथ लेकर चलना ही हर समाज के उत्थान का मार्ग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के जाट विकास संस्थान की ओर से किसान कन्या छात्रावास में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान व जाट स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कृपाचार्य महाराज ने की। समारोह में शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 615 से अधिक प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् प्रो एलएन आर्य ने कहा कि युवा वर्ग को जीवन की दिशा तय करते समय अच्छे लोगों की संगति करनी चाहिए। कई बार प्रतिभावान युवा गलत संगत में पड़कर अपना भविष्य खराब कर लेते हैं। समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए श्रेष्ठ व्यक्तियों की ओर से बताए मार्ग पर चलना आवश्यक है। मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय जाट महासभा के अध्यक्ष मनु चौधरी व अंतरराष्ट्रीय जाट संगठन से जुड़े रामावतार पलसानिया ने कहा कि जाट समाज सदैव 36 कौम को साथ लेकर चलने वाला समाज रहा है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ व्यवसाय और उद्योग में भी सशक्त भागीदारी जरूरी है तभी समाज में मजबूती आएगी। समारोह को नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी, पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, मंडी चेयरमैन इंद्राज सारण, पूर्व उपप्रधान ताराचंद सारण, बलदेव सारण, सहकारी समिति चेयरमैन लालचंद छीरंग, डॉ धनपत चौधरी, तेजवीर सेना के सांवरमल जाखड़, विशाल जाखड़ सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हनुमान डेलाना, भगवानाराम जाखड़, राजेंद्र धींधवाल, मनफूल सारण, हीरालाल बेनीवाल, तेजपाल चौधरी, गजेंद्र सारण, भागीरथ डूडी, रणवीर सारण, सुरेंद्र झोरड़, लाभूराम सारण, दौलतराम, प्रभुराम पूनियां, रामेश्वरलाल पूनियां, ओमप्रकाश गोदारा, प्रभुराम सिहाग, आसाराम पांडर, सरपंच भंवरलाल लूणासर सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन रणवीर सारण, सुरेंद्र झोरड़ एवं निर्मला फुलफकर ने संयुक्त रूप से किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स
जयपुर, शुक्रवार
26 दिसंबर, 2025

# श्रद्धा से मनाई गई अटल बिहारी वाजपेयी जयंती



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती नगरपालिका कार्यालय के सभागार हॉल में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए उनके सुशासन, राष्ट्रसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक अभियंता मुकेश कुमार स्वामी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पालिका कार्मिकों व आमजन को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने पारदर्शी, जवाबदेह व जनकल्याणकारी प्रशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कुशल राजनेता, ओजस्वी वक्ता व संवेदनशील कवि थे। उनके नेतृत्व में देश ने विकास के कई नए आयाम स्थापित किए। उनके विचार आज भी शासन और प्रशासन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में पार्षद बाबूलाल करड़वाल, मांगीलाल प्रजापत, राजेन्द्र कुमार, मुकेश पड़िहार, सकिल बल्खी, नोरतमल रेगर, विराट लोहिया, भारत कुमार, देवेश गुर्जर, मेघराज जाट ठेकेदार, भीकमचंद नाई सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पालिका कार्मिक व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# गुरुजी ने अपने चमत्कारिक स्पर्श से लोगों का जीवन तराशा

## गुरुजी महावीर सिंह यादव की जयंती पर विधि क्षेत्र में उनके योगदान का स्मरण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** विधि के क्षेत्र में गुरुजी के नाम से विख्यात विधि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य महावीर सिंह यादव का जन्मदिन गुरुवार को चूरू जिला मुख्यालय स्थित शर्मा कॉलोनी में भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विधि के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चूरू में विधि शिक्षा की जो मजबूत नींव उन्होंने रखी, वह आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। गुरुजी ने अपने दायरे में आने वाले लोगों का जीवन अपने चमत्कारिक स्पर्श से तराशा। वक्ताओं ने कहा कि महावीर सिंह यादव न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक थे, बल्कि उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में अपने शिष्यों और अनुयायियों का मार्गदर्शन किया। उनके पास आने वाले अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल गई। चूरू क्षेत्र में विधि सेवाओं और विधि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि गुरुदेव के पदचिह्नों पर चलते हुए आज चूरू क्षेत्र में युवाओं को विधि के क्षेत्र में तराशने का कार्य चंद्रशेखर पारीक, महेंद्र सैनी और विधि सत्संग टीम की ओर से किया जा रहा है, जिसके लिए सभी वक्ताओं ने उनका आभार जताया। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जीएसटी में डिप्टी कमिश्नर राकेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि चूरू जैसी सामान्य समझी जाने वाली जगह से निरंतर उच्च कोटि की प्रतिभाओं का निकलना और विधि के क्षेत्र में सशक्त कार्य होना, यह महावीर सिंह यादव की प्रेरणा का ही परिणाम है। गंगानगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायण प्रसाद ने भी गुरुदेव का स्मरण करते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। चूरू जैसी छोटी जगह में आज विधि क्षेत्र में जो बड़ा कार्य हो रहा है, वह गुरुदेव का ही चमत्कार है। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं, मजिस्ट्रेट्स, विधि विद्यार्थियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने गुरुदेव के साथ जुड़े अपने संस्मरण साझा किए और भावनात्मक ढंग से उन्हें याद किया। अनेक लोगों ने गीत और कविता के माध्यम से भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन विधि सत्संग संस्था की ओर से किया गया। संस्था के महेंद्र सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा चंद्रशेखर पारीक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसीजेएम अजय पूनिया, एसीजेएम अमरजीत कुलहरि, आरजेएस अविनाश चांगल, हिमांशु कुमावत, ऊषा प्रजापत, नेहा कुमावत, सौरभ बंसल, पूनम अग्रवाल, निकिता मीना, कोषाधिकारी धीरज जोशी, उप विधि परामर्शी धर्मपाल शर्मा, व्याख्याता अनिल सैनी, व्याख्याता सुरेश नायक, नव चयनित आरजेएस लक्ष्मी, एएलआर महेंद्र सैनी, एसीजेएम प्रदीप कुमावत, शिखा शर्मा (आरजेएस), आकाश (आरजेएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर सिंह राठौड़, दिलीप दीक्षित (एसएलओ), पोषिता (जेएलओ), बलवीर (जेएलओ), अनुभव (जेएलओ), योगेंद्र (जेएलओ), बार काउंसिल उपाध्यक्ष देवेंद्र महलाना, रोशन सिंह राठौड़, पूर्व बार अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शेखावत, रामकिशन (जेएलओ) संतोष चांगल, डॉ मनोज योगाचार्य, भंवर सिंह सामौर, सेवानिवृत्त डीएलआर शुभकरण, आरती सामौर, गीता सामौर, मानसिंह सामौर, विधि रचनाकार नोमिका सहारण, देवेंद्र शर्मा, पुष्पकांत शर्मा एडवोकेट, रमेश स्वामी सहित अनेक अधिवक्ता व विधि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गिरधर शर्मा को मिला एवरग्रीन अवार्ड 2025




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दी यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को इस साल का एवरग्रीन अवार्ड विधायक मनोज मेघवाल के हाथों प्रदान किया गया है। नया बास स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में सरस्वती पूजा के साथ आगाज के बाद मंच पर सभापति प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, यंग्स क्लब के अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, महेश कुमार भोजक, डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा आदि लोग मंचस्थ रहे। स्वागत भाषण देते हुए संस्था निदेशक रतन सैन ने कहा कि हमारी संस्था इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करती है, ताकि बच्चों को संस्कारों के साथ समाजसेवा की प्रेरणा मिल सके। स्नेह प्रभा मिश्रा ने गिरधर शर्मा के सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं प्रमिला राठी ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। उसके बाद माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर गिरधर शर्मा का कृतज्ञता के साथ अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि यंग्स क्लब और गिरधर शर्मा के सेवा भाव कार्य, आज समाज के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ध्रुपद गायिका गायत्री ने राग मुल्तानी में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गिरधर शर्मा के दशकों के सेवाभावी जीवन के बारे विस्तृत बात की। संचालन वीरेंद्र मगल भाटी ने किया। इस अवसर पर प्रभुदयाल स्वामी, रघुवीर ढ़ाका सहित अनेक लोगों ने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर सुषमा मूंधड़ा, महावीर मिरणका, रणवीरसिंह, राजेश गौड़, आनंद सेन, राजकुमार क्याल, श्याम स्वर्णकार, सुमनेश शर्मा, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# रतननगर में विकास रथ का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**रतननगर(निस)।** प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चलाए जा रहे विकास रथ का गुरूवार को नगरपालिका रतननगर के खेल मैदान में पहुंचने पर नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर, अधिशाषी अधिकारी संजू खोड सहित उपस्थित जनप्रतिनिधयों व आमजन ने रथ का माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही रथ लेकर पहुंचने वाली टीम का भी स्वागत व सम्मान किया गया। विकास रथ की ओर से उपस्थित जनों को वीडियों फिल्म के माध्यम से विकास कार्यो की जानकारी दी गई और साथ ही दो साल में हुए विकास कार्यो के साहित्य को भी वितरित कर आमजन तक योजनाओं की जानकारी दी गई। बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान के तहत राजस्थान सरकार के दो साल नव उत्थान नई पहचान के अन्तर्गत रतननगर में पहुंचे रथ ने मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश में किए गए विकास कार्यो की जानकारी देने के साथ ही रथ में रखी हुई सुझाव पेटिका के माध्यम से आमजनों से आगामी विकास कार्यो को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए गए । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरूवार को नगरपालिका में जयंती दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उपस्थित समस्त अधिकारीयों व कर्मचारियों को सुशासन शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पार्षद ओमप्रकाश जांगिड़, विजय कुमार मिश्रा, नवनीत शर्मा, जब्बार खां, घीसाराम गुड़ेसर, तेजाराम चायल, मोहम्मद साबीर कुरैशी, सुफियान, बंटी गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर, मुकेश कुमार, मनोहर सिंह, शंकरलाल पूनियां, किशनलाल उपाध्याय, श्यामसुन्दर शर्मा, विकास भाटिया, होमेन्द्र सिंह, बाबुलाल, पुरूषोतम लाल, अशोक कुमार, दुलीचंद, रमेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहें।

# द यंगस क्लब ने दी सैंकड़ों लोगों को रजाईयां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से बुधवार को ग्रामीण व ढाणी क्षेत्रों में सैंकड़ो जरूरतमंदों को रजाइयों का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया ने बताया कि सेवा के इस प्रकल्प में अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों बाड़ा, सारोठिया, कोडासर जाटान, कोडासर बिदावतान्, ढाणी बिलकी, ढाणी दीगला ताल के सैंकड़ों जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए। प्रतापमल बगड़िया चेरीटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भुतोड़िया ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है और इसी को मध्यनजर रखते हुए भामाशाहों की ओर से सर्दी के मौसम में जरूरमंदों की मदद की जाती है। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से सेवा प्रकल्पों में कुछ शिक्षकों का सहयोग मिल रहा है, वो हमें और ज्यादा जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में मदद करता है। उन्होंने 18 जनवरी को होने वाले चर्म व नैत्र चिकित्सा शिविर को सफल बनाने का आग्रह ग्रामीणजनों से किया। कार्यक्रम में क्लब सचिव महावीर मीरनका, गिरधर शर्मा, गोपाल चोटिया, ललित सोनी, शिक्षक पूसाराम स्वामी, नेमाराम बावरी, दामोदर शर्मा, भागीरथ गोदारा, पप्पू राम मेघवाल, रमेश दान चारण आदि मौजूद रहे। गांवों में रजाईयां पाकर कई वृद्ध लोगों ने भामाशाह परिवार को आशीर्वाद दिचा।

# विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिया बास में नीलगरान समाज के सामुदायिक भवन का विधायक मनोज मेघवाल, सभापति निलोफर गौरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि समाज को काफी अच्छा और मजबूत भवन मिला है, जो आने वाले वक्त में काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने विकास कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सभापति निलोफर गौरी ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्य गिनवाते हुए कहा कि स्टेडियम में भर्ती और चारदीवारी का कार्य शुरू हो चुका है और जल्दी ही गेनाणी की खुदाई का कार्य भी शुरू होगा। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामावतार शर्मा, कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया आदि ने विचार प्रकट किए। वहीं मंच पर पूर्व सभापति सिकन्दर अली खिलजी, सदर सफी खिची आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल का साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं पार्षद आसिफ अली चौहान, पार्षद जाकिर क्याल व अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर सलीम गोपालपुरिया, मुमताज खुड़ीका, सलीम गौरी, जाकिर क्याल, आसिफ अली चौहान, रफीक राजस्थानी, आबिद अली, मोहम्मद मुंशी, मांगीलाल, लाल मोहम्मद, हारून क्याल, ज्यान मोहम्मद भाटी, अजरूद्दीन गौरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। बता दें कि विधायक कोष से इस भवन में 17.14 लाख की राशि खर्च की गई है।

# फुटबॉल में नेशनल खेलने पर पालड़ी की बेटी अनीशा कंवर व कोच सुरेंद्र सिंह का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**कोलीड़ा।** पालड़ी गांव में आयोजित सम्मान समारोह में फुटबॉल में नेशनल खेलने पर अनीशा कंवर व कोच सुरेंद्र सिंह का सम्मान किया गया। अनीशा कंवर ने हाल ही में झारखंड के रांची में संपन्न हुई 17 वर्ष आयु वर्ग छात्रा वर्ग की 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व किया है। प्रतियोगिता में भाग लेकर वापस गांव आने पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पालडी में भव्य स्वागत किया गया। निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य राजेश खाखल ने बताया कि राष्ट्रीय खिलाड़ी अनीशा कंवर व कोच सुरेंद्र सिंह का गाजे बाजे के साथ बाबा हरिदास जी महाराज की बगीची से पूरे गांव में जुलूस के साथ स्कूल में लाया गया। वहां समारोह पूर्वक सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विक्रम सिंह शेखावत ने कहा कि नियमित अभ्यास व परिश्रम से खिलाड़ी अपने खेल स्तर सुधार कर मुकाम को हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी खेलों को विशेष महत्त्व दे रही है। विभागों में खेल कोटे से नौकरी भी दी जा रही है। जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष बीएल मील ने कहा कि अनीशा कंवर ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने गांव व सीकर जिले का नाम रोशन किया है। इससे दूसरे खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम कोलीड़ा में 2 करोड़ की लागत से बनी फुटबॉल एकेडमी का बुधवार को मुख्यमंत्री की ओर से वर्चुअली लोकार्पण किया गया है। संभवतः एकेडमी में अगले सत्र से खिलाड़ियों को प्रवेश मिल सकेगा। इससे आसपास के खिलाड़ियों को अपना करियर बनाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में कोच सुरेंद्र सिंह, अनिशा के माता पिता पूर्व प्रधानाचार्य मंजू महरिया, शारीरिक शिक्षक इंदिरा स्वामी सहित राज्य स्तर पर खेलने वाली 27 बालिकाओं का भी सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य आशा दैया ने आभार जताया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा नवनीत कुमार, श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ब्लड बैंक अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महिपाल सिंह मील ने किया।

# महाराजा सूरजमल की जयंती मनाई

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** भगत सिंह फोर्स ने महाराजा सूरजमल की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई। सादुलपुर क्षेत्र के सिधमुख मोड़ पर भगत सिंह फोर्स के तत्वावधान में महान योद्धा व कुशल प्रशासक महाराजा सूरजमल की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भगत सिंह फोर्स के अनूप पनिया के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनूप पनिया ने महाराजा सूरजमल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महाराजा सूरजमल के शौर्य, साहस, न्यायप्रियता और राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में मनोज स्वामी, मनोज बाजिया, चिरंजीलाल, विक्रम, कर्ण, समुद्र ददरेवा, महावीर पुनिया, नरेश मील, प्रकाश बाजिया, राजेंद्र, भूप सिंह पूनिया, मुकेश मंगला, सत्यपाल नेहरा, अजय गुलपुरा, जयसिंग पूनिया, सतवीर खेमना,धीरेन्द्र बाजियासहित, भगत सिंह फोर्स के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# श्री राम कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कंदोई बगीची में कंदोई परिवार की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर कथा स्थल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर नजर आया। कथावाचक आचार्य पं. बालकृष्ण कौशिक ने विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण व प्रेरणादायी वर्णन करते हुए श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कथा के दौरान आचार्य कौशिक ने कहा कि गौवंश की सेवा, जरूरतमंदों की सहायता तथा बुजुर्गों का आदर-सम्मान ही गृहस्थ जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों के माध्यम से मानव जीवन में करुणा, सेवा और संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। पंचम दिवस की कथा में कंदोई परिवार सहित नगर के अनेक नागरिक व श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्रजमोहन सर्राफ, नरेश कंदोई, नीरज कंदोई, हनुमान कंदोई, गौरीशंकर कंदोई, शिवरतन कंदोई, बनवारीलाल जांगीड़, मनोज भालेरीवाला, पवन पोद्दार, संजय कंदोई, विनोद उड़सरिया, संतोष सर्राफ, राकेश पंसारी, महेश पंसारी, भरत गौड़, शिव शंकर जैसनसरिया, हरीश जैसनसरिया, श्याम सुंदर मित्तल, ललित जैसनसरिया, अजीत कंदोई, रौनक कंदोई, पवन कंदोई, मुखराम नाथोलिया, जितेंद्र स्वामी, दयानंद कंदोई एवं तेजकरण चौधरी, शोभाकांत स्वामी, महावीर प्रसाद माली, शंकर लाल सिंधी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। जिससे श्रोता भावविभोर होकर रामभक्ति में लीन नजर आए।

# राजस्थान के 400 युवा बने योग शिक्षक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** योग तीर्थ पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के पावन सानिध्य में राजस्थान प्रदेश योग संगठन मंत्री डॉ सत्यनारायण झाझड़िया, प्रदेश प्रभारी पवन कुमार सैनी व अरविन्द कुमार पांडेय के नेतृत्व में सरदारशहर तहसील से अजय रोहिल्ला प्रधानाचार्य, दयाराम सुथार, भगीरथ शर्मा, महावीर परीक, ओमप्रकाश झाझड़िया, सुजानगढ़ से जयपाल पांडर, देवीलाल, श्रवण कुमार मरोठिया, हीरालाल स्वामी, डॉ सहीराम पुनियां, दोलतराम पुनियां, राजपाल सिंह पुनियां, बेगराज सुथार, अभिषेक, आनन्द परीक, धनराज परीक व अशोक परीक सहित सम्पूर्ण राजस्थान के 400 योग साधकों ने अष्टांग योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर संकल्प लिया कि भारत के घर घर में योग को पहुंचाकर सम्पूर्ण मानव जाति को योगाभ्यास की ओर से पूर्ण आरोग्य प्रदान कर मुख्य धारा से जोड़ेंगे।


## NEW PROPOSAL (Revised)

SR To Road

YEAR :- 2025-26

Narne of Zone: Bikaner
Narne of Circle: Churu
Nane of Division Churu
Rs in Lacs

| S. No. | Classification of road | Name of Work | Estt. Cost of Works in lacs | Requirement for: Current Year 2025-26 | Requirement for: Next Year 2026-27 | Physical Targets: Current Year 2025-26 | Physical Targets: Next Year 2026-27 | Carriageway width | Kms | Year of Last Renewal | Cost per Km. | Constituency | Rernarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | VR0061 | A/R Ramsara Village to Utwaliya Mehansar JJN, Upto Distt Border (Utwaliya Village Portion) | 96.00 | 1.20 | 0.00 | 1.200 | 0.00 | 3.75 | 1.200 | 2014-15 | 80.00 | Churu | - |
| 2 | ODR 7 | Agarsen Crossing to Shakti Hotel Via Bye pass (Agarsen Murti to Ramsara Tiraha) | 150.00 | 3.00 | 0.00 | 3.000 | 0.00 | 5.50 & 7.50 | 0.000 | 2014-15 | 50.00 | Churu | - |
| 3 | VRO047 | Satra-Dhodhliya via Nakrasar & villL.Portion Dhodhaliya Road (Chainage 9/0 to 9/900) | 70.00 | 0.90 | 0.00 | 0.900 | 0.00 | 3.75 | 0.900 | 2014-15 | 77.78 | Churu | - |

(Hritik Shankhla)
Executive Engineer
PWD Division Churu

(Pankaj Yadav)
Superintending Engineer
PWD Circle Churu

# दस दिवसीय क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन

## हजारों रोगियों में आयुर्वेद को लेकर जगी नई उम्मीद

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन बुधवार को समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान कुल 7,288 रोगियों को आयुर्वेद की विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से लाभान्वित किया गया, वहीं 125 भर्ती रोगियों में से 103 सफल ऑपरेशन किए गए। समापन समारोह महामण्डलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आयुष मिशन के परियोजना निदेशक डॉ. दिनेश शर्मा तथा



समारोहाध्यक्ष पूर्व विशेषाधिकारी आयुर्वेद विभाग डॉ. मनोहर पारीक रहे। अतिथियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए टीम आयुर्वेद झुंझुनूं व एनआरडीडी अस्पताल प्रशासन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिविर से पूर्व की गई व्यापक अपील, शिविर के दौरान गुणवत्ता परीक्षण हेतु किए गए निरीक्षण और रोगियों से सीधे संवाद के कारण यह शिविर राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बना है, जो आयुर्वेद विभाग राजस्थान के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। समारोहाध्यक्ष डॉ. मनोहर पारीक ने बताया कि एनआरडीडी अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप ढूकिया की ओर से उपलब्ध कराए गए 150 बेड, सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर, पंचकर्म थैरेपी कक्ष, स्वच्छता व आवास व्यवस्थाएं एक भामाशाह के अतुलनीय सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. जितेन्द्र स्वामी ने बताया कि शिविर के दौरान क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा से 103 ऑपरेशन किए गए। इसके अलावा अग्निकर्म से 258, पंचकर्म से 393, विटुकर्म से 255, सामान्य ओपीडी से 2,078 तथा योग व स्वस्थ जीवनशैली परामर्श से 4,179 रोगियों को लाभ मिला। कुल मिलाकर शिविर में 7,288 नवीन रोगी लाभान्वित हुए। शिविर के समापन अवसर पर रोगियों से प्राप्त फीडबैक भावुक कर देने वाला रहा। रोगियों ने आयुर्वेद विभाग, भामाशाह एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे शिविरों के निरंतर आयोजन की मांग की। शिविर की सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में भामाशाह दम्पति डॉ. संदीप ढूकिया व डॉ. सुनीता ढूकिया को शाल, साफा एवं चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग के 60 कार्मिकों एवं संस्थान के 80 स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। शिविर के सफल संचालन में डॉ. महेश माटोलिया, सर्जन डॉ. सुनील कानोडिया, डॉ. भागीरथ गढ़वाल, डॉ. ओमप्रकाश चेचू, डॉ. पूनम, डॉ. प्रीति स्वामी, डॉ. दीपक बगड़िया, डॉ. नवीन, डॉ. विकास, डॉ. सुनील, कम्पाउण्डर नथमल स्वामी, नर्स सुनीला, रीटा, परिचारक पूरणमल, कुलदीप, मदन व देवकरण सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# चमत्कारी बालाजी मंदिर में मनाया तुलसी पूजन दिवस



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय चमत्कारी बालाजी मंदिर में गीता क्लासेज की ओर से गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गीता क्लासेज के कार्यकर्ताओं और बच्चों द्वारा तुलसी और गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बालाजी महाराज के भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, अनीता सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, रक्षा आचार्य, अमित गुर्जर, ममता शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, संतोष शर्मा के अलावा सभी कार्यकर्ता चमत्कारी बालाजी टीम के सदस्य और बच्चे मौजूद रहे। बच्चों को सनातन पद्धति के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को चाइनीज मांझे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# मौजास व खालासी के सरकारी विद्यालय में स्वेटर वितरण

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मौजास में भामाशाह केसर देव राहड़ के सुपुत्र विजयपाल राहड़ ने विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, मुख्य अतिथि मौजास ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि सुखदेव प्रसाद एचरा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि भामाशाह की तरफ से विद्यालय के 121 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई हैं, इससे पूर्व भी विजयपाल राहड़ की ओर से विद्यालय की छात्रा व छात्र वर्ग की खो-खो की टीम के लिए 24 ड्रेस किट प्रदान किए गए व ट्रैक्टर की ओर से विद्यालय के खेल मैदान का



समतलीकरण निशुल्क किया गया। विद्यालय राहड़ परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर सत्यपाल एचरा, चंद्रभान सिगड़, मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, व्याख्याता शीशराम पिलानिया, जितेंद्र मील, राकेश कुमार एचरा हितेंद्र मीणा, सुभाष चंद्र मिठारवाल, राहुल चोपड़ा, महावीर सिंह, वंदना, बबीता, संगीता भड़िया व पूजा सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जयचंद भड़िया ने किया। खालासी राजकीय प्राथमिक विद्यालय खालासी में चिड़ी देवी भड़िया मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से जगदीश प्रसाद भड़िया की ओर से विद्यालय में 22 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रघुवीर महला,ओम प्रकाश मिठारवाल व राजपाल महला उपस्थित रहे।

# भोजलाई का निकला बाड़े में मिला मृत युवक




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दुलिया बास में एक घर के पीछे स्थित बाड़े में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो चुकी है। मौके पर से शव को टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक विनोद सैन की सहायता से पुलिस ने सरकारी अस्पताल की मोरचरी में रखवाया। शव की शिनाख्त सुनील (22) पुत्र तिलोकाराम नायक, निवासी भोजलाई बास सुजानगढ़ के रुप में हुई। हालांकि शिनाख्त हो गई है। लेकिन शव का पोस्टमार्टम गुरूवार को नहीं हो पाया। मृतक के परिजन पक्ष व समाज के लोग दिनभर अस्पताल में ही बैठे रहे। नायक समाज के तहसील अध्यक्ष रतनलाल नायक, सचिव हंसराज नायक, बीरमाराम नायक, हरीराम चाड़वास, गंगाधर लाखन, भंवरलाल आदि लोग मोर्चरी के सामने बैठे रहे। लोगों ने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। दूसरी ओर शाम तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सीआई बैगाराम मीणा ने शाम को बताया कि अस्पताल में तहरीर दी गई है, शुक्रवार को पोस्टमार्टम होगा। इस दौरान सीआई ने लोगों से कहा कि कोई व्यक्ति रात को मोहल्लों में क्यों घूमेगा। इसके साथ जो भी रात को साथ रहे हैं, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# व्यक्तित्व को समृद्ध करने में पुस्तकों का अहम योगदानः डॉ. वर्मा

## प्रयास पुस्तक उपहार योजना का शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**चूरू/झुंझुनूं(निस)।** पुस्तकें व्यक्ति को समय के साथ रखते हुए सुदृढ़ व्यक्तित्व के गढ़ने का सशक्त माध्यम हैं। जो व्यक्ति पुस्तकों से जुड़ा हुआ है, उसके सोचने और समझने का नजरिया ही अलग होता है। ज्ञान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। उक्त विचार शिक्षाविद् डॉ. घासीराम वर्मा ने झुंझुनूं में प्रयास संस्थान की पुस्तक परियोजना अंतर्गत 'प्रयास पुस्तक उपहार योजना' का शुभारंभ कर लोगों का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। अमेरिका में प्रोफेसर रहे 98 वर्षीय डॉ. वर्मा ने कहा कि इस योजनांतर्गत प्रयास संस्थान अंचल के पुस्तकालयों को समृद्ध करेगा, यह प्रसन्नता की बात है। प्रयास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने बताया कि संस्थान स्थानीय साहित्यकारों व राजस्थानी भाषा को प्राथमिकता में रखते हुए अंचल के पुस्तकालयों में जनसहयोग से क्रय की गई पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट कर पुस्तक-संस्कृति को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर विजयगोपाल मोटसरा, अशोक कुमार डूडी, डॉ. कृष्णा जाखड़ आदि मौजूद रहे।

# सभी वर्गों के हितेषी और आदर्श थे महाराजा सूरजमल

जयपुर टाइम्स

**कोलीडा(निस)।** सभी वर्गों के हितेषी और आदर्श थे महाराजा सूरजमल। महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस गुरुवार को चौधरी चरण सिंह ग्रामीण विकास संस्थान में शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा सूरजमल केवल जाट समाज के महानायक नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितैषी और आदर्श थे। उन्होंने गरीब और कमजोर का साथ देते हुए जुल्म के खिलाफ लड़ाइयां लड़ते-लड़ते शहीदी प्राप्त की। उन्होंने 80 युद्ध लड़े, लेकिन वह कभी पराजित नहीं हुए। उनकी बहादुरी की मिसाल इतिहास के किताबों में दर्ज है। ऐसा गौरवपूर्ण इतिहास दुनिया



में शायद ही किसी और राजा का रहा होगा। वह एक योद्धा के साथ-साथ दूरदर्शी और वैज्ञानिक भी थे। उनकी गौरवपूर्ण कारनामों के बारे में इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इतिहास में उन्हें एशिया का प्लूटो भी कहा जाता है। राजस्थान के लोहगढ़ किले का निर्माण उन्होंने इस तरीके से किया कि आज तक भी कोई उसे भेद नहीं पाया। अंग्रेजों और मुगलों ने वहां पर 13 बार आक्रमण किया, लेकिन लोहागढ़ किले की दीवारों ने अंग्रेजों के तोप के गोलों और हथियारों को निष्क्रिय कर दिया और उन्हें हर बार मुंह की खानी पड़ी। इस अवसर पर चाचा पूरणमल सुंडा, बनवारी लाल नेहरा, रतन सिंह पिलानिया, बलदेव सिंह भामू, भोलाराम रूलानिया शिवदयाल सिंह मील, चोखाराम बुरड़क, जसवीर सिंह पिलानिया, मोहनलाल जगमालपुरिया , अजय कुमार महला, रूड़ सिंह महला, मनीराम भामू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# उपखंड कार्यालय में मनाया सुशासन दिवस



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय उपखंड कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के विकास में उनके योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर पुरूषोतम चौहान, दीपाराम सांडेला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा हासिल कर पाएं सफलताः निलोफर गौरी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** इकरा एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी नीलगर समाज का तीसरा प्रतिभा सम्मान पुलिया बास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीन बानो मौजूद रही। जबकि डॉ एम एम शेख, डॉ अब्दुल साजिद, मोहम्मद अली शेख,



इकरा वेल फेयर सोसायटी के सदर सलीम बेहलीम, नीलोफर गोरी सभापति, नीलगर समाज सदर हसन भाटी, सफी खिलजी, सलीम मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज की 90 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सभापति निलोफर गौरी ने उच्च शिक्षा हासिल कर देश समाज का नाम रोशन करने की अपील विद्यार्थियों से की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व सभापति हाजी सिकंदर अली खिलजी, कॉम खेड़ा सदर हाजी लाल मोहम्मद चौहान, इदरीश गोरी, पार्षद जाकिर क्याल, आसिफ अली चौहान, आरिफ चौहान, आबिद गोपालपुरिया, खालिद गौरी, मुंशी चौहान, जब्बार क्याल, हारून क्याल, ज्यान मो, राजू, रफीक राजस्थानी मुमताज खुड़िका, साजिद पंवार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# सांई बाबा मंदिर प्रवेश द्वार का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग पर सांई बाबा मंदिर के प्रवेश द्वार का गुरुवार को लोकार्पण किया गया। मंदिर के पास चौधरी कुरड़ाराम भैड़ा की स्मृति में बनाए गए प्रवेश द्वार का लोकार्पण झारिया धाम के संत आकाश नाथ महाराज, योगी मोहन नाथ, नेमिनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सज्जन मिश्रा रहे। महेंद्र भैड़ा व प्रकाश भैड़ा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं शोल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर आकाश नाथ महाराज ने कहा कि अपने परिजनों की याद में किया गया सार्वजनिक काम हमेशा याद रखा जाता है और वह अमर निशानी बन जाती है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि भैड़ा परिवार ने सांई बाबा मंदिर के पास प्रवेश द्वार बनाकर प्रेरणादायक कार्य किया है और इससे और लोगों को भी अपने परिजनों का नाम जिंदा रखने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर परमेश्वर लाल चेजारा, कमलेश मिश्रा, मोती जोशी, मधु स्वामी, अशोक शर्मा, सुशील लुहारुवाला, विकास देवड़ा, रणवीर मील, आनंद शर्मा, शीशराम कुलहरी, अमीलाल मील, ललित सोनी, राजेंद्र पंवार, बाल मोहन जांगिड़ सहित कस्बे के अन्य लोग मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन दिवस पर शपथ कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन दिवस मनाया गया। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मानदंड स्थापित करने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने और प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव तत्पर रहने की सुशासन शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन शपथ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से सुशासन स्थापना के संबंध में दिए गए संबोधन को सुना। कार्यक्रम में एडीएम अजय कुमार आर्य, एडिशनल एसपी देवेंद्र सिंह, विद्युत विभाग के अभियंता महेश टीबड़ा, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक सृष्टि, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेश मील, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र लंबा, निजी सचिव राम सिंह पूनिया, एपीआरओ विकास चाहर, तहसीलदार (भू अभिलेख) राकेश पूनिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा व सेवा के साथ मनाया तुलसी पूजन दिवस



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ के तत्वावधान में गुरुवार को सुरेका भवन में तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा, भक्ति व भारतीय संस्कृति के संदेश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, गुरुजी रामनिवास शर्मा, गिरधारी लाल जाजोदिया व सुभाष सुरेका के सानिध्य में संपन्न हुआ। पंडित सुधीर जोशी ने विधि-विधान से तुलसी पूजन व आरती कराई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम का विशेष पक्ष यह रहा कि इसी दिन ट्रस्ट संरक्षक दीनदयाल जोशी का जन्मदिवस भी था। इस अवसर पर सेवा भाव से बाबा भूतनाथ श्मशान घाट में कार्यरत महिलाओं को कंबल व गर्म जुराबें वितरित की गईं। मुख्य वक्ता गुरुजी रामनिवास शर्मा ने माता तुलसी के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिवारों से बच्चों को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर ट्रस्ट प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, अमित सोनी, रामपाल कुमावत, सुनील कुमार माली, सहित ट्रस्ट के अनेक संरक्षक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व नगर के अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

# संतोष बाटड़ का विदाई समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 9 में प्रधानाध्यापिका संतोष बाटड़ के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रविनादेवी ने की मुख्य अतिथि ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षा प्रसार अधिकारी युसुफ अली, यूसीईओ शिव भगवान गोरा तथा सोडाणी चैरिटेबल ट्रस्ट (यूएसए) के प्रभारी लालचंद शर्मा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बाटड़ के शैक्षणिक कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में शिक्षक संघ शेखावत के प्रेम सिंह डोटासरा, राम अवतार फगेड़िया, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक मुकेश गुप्ता, सेवानिवृत्त तहसीलदार श्रवण कुमार, भामाशाह श्रवण खीचड़, फतेहपुर से प्रधानाध्यापक राजेश बिवाल, विनोद टाक, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रतन कुमार, राउप्रावि नंबर 2 से सुनीता सोनी व सरिता देवी, राउप्रावि नंबर 3 की प्रधानाध्यापिका सरोज देवी, राउप्रावि संस्कृत के प्रधानाध्यापक अशोक शर्मा, बाटड़ के पति नेमीचंद बाटड़ तथा बीडीएम स्कूल के निदेशक देवेंद्र खीचड़ सहित अनेक लोग मौजूद रहे। विद्यालय स्टाफ की ओर से रश्मि गुप्ता, सरोज देवी, अनीता आलड़िया, विनोद कुमार व सुशीला देवी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक महेंद्र कुमार माली ने किया।

# जाजोद में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में गुरुवार को जय जवान जय किसान का एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ मंगल यादव रहे। विशिष्ट अतिथि में जाजोद थानाधिकारी गिरधारी लाल, ग्यारसाराम, कैप्टन चंदगीराम, सूबेदार शीशराम, डॉ संजय महला, ख्यालीराम लाटा, जीएल महला, वीरेंद्र लाटा मंचस्थ रहे। पूर्व सरपंच रघुनाथ प्रसाद महला ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच फतेहपुर व जयपुर के बीच खेला गया। जिसमें फतेहपुर टीम विजेता व जयपुर की टीम उपविजेता रही। महला ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता टीम को 11



हजार रुपए नगद व उपविजेता टीम को 51 सौ रुपए नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट प्लेयर नीरज (जयपुर टीम) को 500 रुपए नगद इनाम देकर सम्मानित किया। राजेंद्र कुमार महला ने बताया की नीट में सरकारी सेवा में चयनित व आरएएस में चयनित मोहित वर्मा को भी माला व साफा पहनाकर आयोजनकर्ताओं ने सम्मानित किया वहीं स्काउट विद्यार्थी कार्यकर्ताओं को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की एंकर की भूमिका मनोज शर्मा ने की। इस दौरान पोखरमल बराला, रामबक्ष बराला, बंशीधर महला, हितेश जाजोद, छीतर मील, सूरजमल लोछिब, सदीक मोहम्मद सहित ग्रामीण व खेल प्रेमी मौजूद रहे।